




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 146 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 25 फरवरी 2026 डाक 26 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

राजद और सीपीआई-एमएल के विधायकों ने बिहार की राजधानी पटना में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बिहार सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



**देश-विदेश**

सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख, ईवी चार्जिंग गाइडलाइन्स पर केंद्र और यूपी सरकार से मांगा स्पष्टीकरण



**फीचर पेज**

आम से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन, एक बार जरूर आजमाएं




# किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम नहीं करने दूंगा NCERT के न्यायिक भ्रष्टाचार वाले चैप्टर पर SC की लताड़

**नईदिल्ली 25 फरवरी [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले चैप्टर पर गहरी चिंता जताई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि उन्होंने इस पर संज्ञान लिया है और वे खुद से कार्रवाई शुरू कर सकते हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, कृपया कुछ दिन इंतजार कीजिए। बार और बेंच सभी परेशान हैं। सभी हाई कोर्ट के जज परेशान हैं। मैं इस मामले को खुद देखूंगा। मैं किसी को भी संस्था को बदनाम करने की इजाजत नहीं दूंगा। कानून अपना काम करेगा। सुप्रीम कोर्ट की यह प्रतिक्रिया तब आई है, जब वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मंगलवार को कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी क्लास 8 के छात्रों को ज्यूडिशियल करप्शन के बारे में पढ़ा रहा है और कहा कि यह



बहुत चिंता की बात है। चीफ जस्टिस ने कहा, संस्था का मुखिया होने के नाते मैंने अपनी ड्यूटी निभाई है और मैंने इस पर ध्यान दिया है।

यह एक सोचा-समझा कदम लगता है... मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा। इसके अलावा, सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने भी आपत्ति जताई। सिंघवी ने कहा, सेलेक्टिविटी माय लॉर्ड। सेलेक्टिविटी... यह दूसरे एरिया में भी है, लेकिन ज्यूडिशियल करप्शन में नहीं। इस पर जस्टिस बागची ने कहा, यह किताब बेसिक स्ट्रक्चर के ही खिलाफ लगती है। दरअसल, एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस की नई किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नाम से एक सेक्शन रखा गया है। जबकि पहले वाले एडिशन में ऐसा नहीं था, जिसमें ज्यादातर कोर्ट के स्ट्रक्चर और रोल पर फोकस किया गया था।

# घूसखोर अफसर के घर से मिला 4 करोड़ से अधिक कैश

## ओडिशा में विजिलेंस टीम की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई जारी

**भुवनेश्वर।** लाइसेंसधारी कोयला विक्रेता से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए खनन विभाग के उप निदेशक देवव्रत महांति की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। भुवनेश्वर स्थित उनके फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई है। ट्रॉली बैगों और अलमारियों में छिपाकर रखे गए इस काले धन की गिनती जारी है। विजिलेंस अधिकारियों के अनुसार, यह ओडिशा विजिलेंस के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी नकद बरामदगी मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार, महांति को सोमवार रात लाइसेंस प्राप्त कोयला विक्रेता से 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद



विजिलेंस की टीम ने एक साथ उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट, भद्रक स्थित पैतृक आवास और कटक स्थित कार्यालय कक्ष में छापेमारी शुरू की।

छापेमारी के दौरान भुवनेश्वर के पाटिया इलाके में स्थित उनके फ्लैट से ट्रॉली बैग और अलमारियों में छिपाकर रखी गई 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई। नकदी की गिनती अभी जारी है, जिसके बाद सटीक राशि की पुष्टि की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह बरामदगी अब तक की सबसे बड़ी मानी जा रही है। इसके अलावा, महांति के कार्यालय की दराज और उनके पास से 1.20 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। विजिलेंस जांच में अब तक अन्य संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है।

# भारी बर्फबारी के कारण त्सोमगो झील जाने वाली सड़क बंद, 2700 से ज्यादा टूरिस्टों को किया गया रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** सिक्किम में भारी बर्फबारी देखने को मिली है। त्सोमगो झील जाने वाली सड़क बंद हो गई, जिसकी वजह से हजारों टूरिस्ट फंस गए। अधिकारियों ने बुधवार सुबह बताया कि पूर्वी सिक्किम में त्सोमगो झील के पास भारी बर्फबारी की वजह से फंसे 2,700 से ज्यादा टूरिस्ट को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि शेरथांग और आस-पास के ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी की वजह से सड़कें जाम हो गईं, जिससे 15th माइल और त्सोमगो झील के बीच 541



टूरिस्ट गाड़ियां फंस गईं। उन्होंने बताया कि मिलकर की गई कोशिशों से, 2,736 टूरिस्ट वाली सभी गाड़ियों को सुरक्षित और सही तरीके से निकाल लिया गया और यह ऑपरेशन मंगलवार रात को खत्म हो गया। टूरिज्म डिपार्टमेंट ने टूरिस्ट और टूर ऑपरेटर को सलाह दी है कि वे मौसम की सलाह का सख्ती से पालन करें और यह पक्का करें कि बर्फबारी के दौरान यात्रा करते समय गाड़ियों में जरूरी स्नो चेन सहित सभी जरूरी सामान हों।

## 25 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी पश्चिम स्थित यारी रोड इलाके में वर्सोवा पुलिस स्टेशन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये सभी लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे थे और पिछले कई वर्षों से मुंबई शहर में ठिकाना बनाए हुए थे। गिरफ्तार किए गए 25 लोगों में 21 ट्रांसजेंडर, 2 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ये सभी लोग देर रात यारी रोड स्थित एक दरगाह में एकत्रित होने वाले हैं। सूचना के आधार पर वर्सोवा पुलिस की एंटी-टेरर सेल (एटीसी) टीम ने इलाके में छापा मारकर सभी को हिरासत में ले लिया।

# गुरदासपुर में बड़ा एनकाउंटर, दो पुलिसकर्मियों की हत्या करने वाला बदमाश ढेर

**गुरदासपुर।** गांव आदियां स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर तैनात दो पुलिस कर्मियों की बेरहमी से हत्या के मामले में आरोपित रणजीत सिंह निवासी आदियां को बुधवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। मुठभेड़ में आरोपित जख्मी हो गया, जिसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह मुठभेड़ बुधवार सुबह हुई, जब पुलिस टीम आरोपित रणजीत सिंह की तलाश में उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। घायल



अवस्था में उसे तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, रणजीत सिंह शनिवार-रविवार की दरमियानी रात आदियां पुलिस चेक पोस्ट पर हुए हमले में शामिल था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वहां तैनात होमगार्ड जवान अशोक कुमार और एएसआई गुरनाम सिंह की गोलियों से हत्या कर दी थी। इस वारदात के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल था और पुलिस पर सख्त कार्रवाई का दबाव था। इस केस के एक अन्य आरोपित दिलावर सिंह निवासी आलीनंगल को गिरफ्तार कर लिया था। दिलावर सिंह की पूछताछ में ही रणजीत सिंह और उसके दूसरे साथी इंद्रजीत सिंह निवासी आदियां के बारे में अहम सुराग हाथ लगे थे। दिलावर ने बताया था कि रणजीत और इंद्रजीत भी हत्या में शामिल थे। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस ने दोनों की धरपकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया था।

### आईडीएफसी फर्स्ट बैंक घोटाला

# हरियाणा में 580 करोड़ रुपये के फ्रॉड मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, ACB की जांच जारी



**पंचकूला।** हरियाणा के स्टेट विजिलेंस और एंटी-करप्शन ब्यूरो ने IDFC फर्स्ट बैंक फ्रॉड मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए चार लोगों में से दो IDFC फर्स्ट बैंक के पुराने कर्मचारी हैं और दो प्राइवेट लोग हैं। इनकी एक पार्टनरशिप फर्म है। उन्होंने बताया कि IDFC फर्स्ट बैंक फ्रॉड मामले की चल रही जांच के तहत मंगलवार शाम को ये गिरफ्तारियां की गईं। इससे पहले, एंटी-करप्शन ब्यूरो ने एक प्राथमिकी दर्ज की थी, जबकि राज्य सरकार ने फ्रॉड की जांच के लिए एक कमेटी बनाई थी। IDFC बैंक ने हरियाणा सरकार के अकाउंट में अपने कर्मचारियों और दूसरों द्वारा किए गए 590 करोड़ रुपये के फ्रॉड का खुलासा किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में कहा कि सरकार इस फ्रॉड में शामिल किसी को भी नहीं बख्शेगी। विपक्ष के नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस प्रमुख राव नरेंद्र सिंह ने मामले में CBI जांच की मांग की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में पूरी राशि की रिकवरी की जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर पैसे की निगरानी और सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रही है। उन्होंने इस गंभीर मामले पर वित्त सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय कमेटी बनाने की घोषणा की।

# इस्राइल रवाना होने से पहले बोले पीएम मोदी दोनों देशों के बीच मजबूत और रणनीतिक साझेदारी



**नई दिल्ली 25 फरवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 से 26 फरवरी तक इस्राइल के दौरे पर रहेंगे। प्रस्थान से पहले जारी बयान में उन्होंने कहा कि यह यात्रा उनके प्रिय मित्र और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इस्राइल के बीच मजबूत और बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी है, जिसने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय विस्तार और गतिशीलता दिखाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ होने वाली उनकी वार्ता से दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस दौरे के दौरान उन्हें इस्राइल की संसद केनेसट को संबोधित करने का सम्मान मिलेगा, जो दोनों देशों के मजबूत लोकतांत्रिक संबंधों का प्रतीक होगा। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। अपने कार्यक्रम में पीएम मोदी भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रवासी लंबे समय से भारत-इस्राइल मित्रता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि उनका यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को और सुदृढ़ करेगा तथा रणनीतिक साझेदारी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करेगा।

# मैं नहीं होता तो PAK पीएम शहबाज शरीफ मारे जाते..., ऑपरेशन सिंदूर पर ट्रंप का बड़ा दावा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने बुधवार को एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच कथित युद्धविराम का श्रेय लेते हुए सांसदों को अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में बताया कि उनके हस्तक्षेप से दोनों देशों के बीच संभावित परमाणु संघर्ष टल गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि स्थिति परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकती थी। ट्रंप ने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच परमाणु युद्ध छिड़ जाता। उन्होंने यह भी कहा कि 3 करोड़ लोगों का कहना है कि अगर मैंने हस्तक्षेप न किया होता तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री (शहबाज शरीफ) की जान चली जाती। पिछले हफ्ते की शुरुआत में भी ट्रंप ने अपना दावा



दोहराया कि उन्होंने मई 2025 के भारत और पाकिस्तान संघर्ष को रुकवाया था। बोर्ड ऑफ पीस इवेंट में बोलते हुए, यूएस प्रेसिडेंट डोनल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान को चेतावनी दी थी कि अगर वे अपने मतभेद नहीं सुलझाते हैं तो ट्रेड बातचीत रोक दी जाएगी। हाल के महीनों में, ट्रंप ने 80 से ज़्यादा बार दावा किया है कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष रोकने वाले वो ही थे। उन्होंने अलग-अलग मौकों पर संघर्ष के दौरान गिराए गए जेट विमानों के बारे में अलग-अलग आंकड़े भी दिए हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वे अपनी बात में किस पक्ष के एयरक्राफ़्ट की बात कर रहे थे।

### बाहरी-उत्तरी दिल्ली में दिल दहलाने वाली वारदात

# पत्नी और तीन बच्चों की धारदार हथियार से हत्या, पति फरार



**बाहरी दिल्ली, 25 फरवरी [एजेंसी]।**

बाहरी उत्तरी दिल्ली के चंदन पार्क इलाके में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वारदात घर के अंदर हुई। आसपास के लोगों को घटना का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घर से चारों के शव बरामद किए। सभी की हत्या तेजधार हथियार से किए जाने की आशंका जताई जा रही है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी तलाश में कई टीमें गठित की गई हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। डिस्क्लेमर दिल्ली के चंदन पार्क में पत्नी और बच्चों का यह समाचार प्रारम्भिक सूचना के आधार पर प्रकाशित किया गया है। मामले से जुड़ी जानकारियां लगातार सामने आ रही हैं।

## नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम लागू

**दुर्ग 25 फरवरी।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा उपायों के अंतर्गत नो हेलमेट, नो पेट्रोल आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पेट्रोल पम्प एसोसिएशन के सदस्यों एवं संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस विभाग से एएसपी सुखनंदन राठौर एवं खाद्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर सिंग ने दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पेट्रोल न दिए जाने के आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कदम जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी। उन्होंने पेट्रोल पम्प संचालकों को आमजन के बीच इस संबंध में व्यापक जनजागरूकता फैलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही, किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कही गई। एएसपी सुखनंदन राठौर ने भी बैठक में हेलमेट की अनिवार्यता पर जोर देते हुए सभी पेट्रोल पम्प संचालकों से प्रशासन के आदेशों का पालन करने का आग्रह किया।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पोते की अचानक मौत दोस्तों के साथ मनाली घूमने आया था वीर सोरेन

**मनाली, 25 फरवरी [एजेंसी]।**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पोते और बाबूलाल सोरेन के पुत्र वीर सोरेन का मनाली में देहांत हो गया है। वह अपने दोस्तों के साथ मनाली घूमने आया था। सोलंगनाला व हामटा स्नो प्वाइंट में घूमने के बाद वापस होम स्टे में लौट आए। वह होम स्टे में ही रुका था जबकि अन्य दोस्त घूमने गए। दोस्त वापस लौट तो वीरेन ने सर में भारी दर्द होने की बात दोस्तों को बताई। दोस्तों ने उसे दवाई दी। वीर दवाई खाकर सो गया। दोपहर ढाई बजे दोस्तो को वीरेन के विस्तर से नीचे गिरने की आवाज सुनाई दी। दोस्तों ने जाकर देखा तो वीर सोरेन बिस्तर से नीचे गिरे थे। दोस्तों ने उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। रास्ते में उसके मुंह से झाग भी निकला। सिविल अस्पताल में उसे सीपीआर दी गई लेकिन जांच उपरांत



डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस को सिविल अस्पताल मनाली से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सिविल अस्पताल मनाली में मृतक वीर सोरेन का शव स्ट्रैचर पर पाया गया। अन्वेषणाधिकारी द्वारा नाश का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा फोटोग्राफ लिए गए। निरीक्षण के दौरान नाश पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए। मृतक के साथ आए उसके मित्र अग्नय वर्मा निवासी उत्तर प्रदेश का बयान कलमबंद किया गया। उन्होंने पुलिस को बयान दिया कि मृतक उनके साथ दिनांक 22.02.2026 को मनाली घूमने आया था तथा वे सभी हिमालयन सैलेट होम स्टे, सिमसा, मनाली में ठहरे हुए थे। दिनांक 23.02.2026 को वे सभी सोलंग/सेथन क्षेत्र घूमने गए थे तथा शाम को पुनः होम स्टे में ठहरे।

सभी होम स्टे के आसपास घूमकर लगभग 12.30 बजे वापस लौटे तो वीर सोरेन सोया हुआ था। उठाने पर उसने बताया कि उसके सिर में अत्यधिक दर्द हो रहा है। जिस पर साथियों ने Blinkit के माध्यम से दवाई मंगवाकर उसे दी, जिसके बाद वह पुनः सो गया। लगभग 02.30 बजे कमरे से गिरने की आवाज आई। जाकर देखा तो वीर सोरेन बैड से नीचे गिरा हुआ था। तत्पश्चात उसे कृतिन शर्मा की गाड़ी में सिविल अस्पताल मनाली लाया गया। अस्पताल लाते समय उसके मुंह से झाग निकलना शुरू हो गया था। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा काफी देर तक सीपीआर दी गई, परंतु जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के शव को सुरक्षित रूप से शवगृह, मनाली में रखवाया गया है। मृतक के परिजन मनाली पहुंच गए हैं। पुलिस पोस्टमार्टम करवाने की तैयारी कर रही है।

## केयर सेंटर-सियान गुड़ी के प्राथमिक स्तर पर स्थापना व संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**कोरबा।** जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 25 सीटर 'डे केयर सेंटर-सियान गुड़ी' का प्राथमिक

स्तर पर स्थापना एवं संचालन किया जाना है। जिसके लिए रूचि रखने वाले स्वैच्छिक संस्थाओं से द्वितीय रिकवेस्ट फार प्रपोजल उप संचालक समाज कल्याण जिला कोरबा के पते पर 09 मार्च 2026 अपरान्ह 04 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

इच्छुक संस्था/फर्म जिला कोरबा के आधिकारिक वेबसाईट पर उक्त प्रस्ताव आमंत्रित करने हेतु अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण कोरबा में कार्यालयीन समय पर स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र एवं शर्तें के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## हाई स्कूल अंग्रेजी परीक्षा-2026 : जिले के 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण, सभी केन्द्रों में शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत आज हाई स्कूल परीक्षा विषय अंग्रेजी (080) की परीक्षा आयोजित की गई। कोरबा में जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल क्रमांक 1 द्वारा सेजेस चैतमा, सेजेस लाफा, सेजेस पोंड़ी (लाफा), सेजेस पाली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली, दल क्रमांक 2 द्वारा शासकीय हाई स्कूल घुड़देवा, सेजेस मोंगरा, सेजेस अरदा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढेलवाडीह का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 4 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीकला, सोहागपुर, उमरेली और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी का निरीक्षण किया गया। दल क्रमांक 5 ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी, कुदुरमाल, उरगा, फरसवानी, कोथारी, बरपाली और नोडल अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीडब्ल्यूडी रामपुर कोरबा, प्रयास कोरबा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुधवारी कोरबा, विद्युतगृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 कोरबा, ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, निर्मला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसाबाड़ी का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की कोई घटना दर्ज नहीं हुई।दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12,586 रही, जिनमें से 12,220 विद्यार्थी उपस्थित थे और 366 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

## जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा बैठक आज

**कोरबा ।** जिला पंचायत कोरबा की सामान्य सभा की बैठक 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में वनमंडल कोरबा/कटघोरा अंतर्गत विभागीय एवं कैम्पा मद की समीक्षा, लोक निर्माण विभाग की समीक्षा, शिक्षा विभाग की समीक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा, कृषि विभाग की समीक्षा तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा एवं आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। संबंधित सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किया गया स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा ।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रगति की मॉनिटरिंग हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के द्वारा 23 फरवरी को सामु.स्वा.केन्द्र पाली, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदीबाजार,आयुष्मान आरोग्य मंदिर(उप स्वास्थ्य केन्द्र)नुनेरा, नोनबिर्रा,बोईदा, चोढ़ा तथा उतरदा तथा कटघोरा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.अनिल सराफ उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, ओटी, एनआरसी, दवा वितरण कक्ष, भंडार कक्ष, प्रयोगशाला, एक्स-रे कक्ष का अवलोकन किए तथा संधारित अभिलेखों को देखकर कमियों में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

## आगामी नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा न्यायिक अधिकारियों की प्रथम बैठक आयोजित

**कोरबा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14 मार्च 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में उक्त तिथि को जिला न्यायालय कोरबा, तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली सहित समस्त राजस्व न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, बैंक प्रकरण, लिखत पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण तथा अन्य व्यवहार वादों को रखा जाएगा।श्री संतोष शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण, विशेष रूप से 5 से 10 वर्ष से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखने तथा अधिकतम निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से न्यायिक अधिकारियों की प्रथम बैठक जिला न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) कोरबा, श्रीमती गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डॉ. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉक्सो) कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोरबा, कु. मयुरा गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, श्री सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. डॉली ध्रुव, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, कु. कुमुदनी गर्ग, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा उपस्थित रहे। इसी प्रकार, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली में पदस्थ न्यायाधीशगण भी बैठक में सम्मिलित हुए।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि जिन पक्षकारों के प्रकरण समझौते के आधार पर निराकरण योग्य हैं, वे अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखने हेतु संबंधित न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लाभान्वित हो सकते हैं।

# राशन दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण और वितरण सुनिश्चित कराएं: कलेक्टर

### पीएमश्री विद्यालयों की उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन कर गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए और टीएल के लंबित प्रकरणों को निराकरण कर जानकारी प्रस्तुत करने कहा। बैठक में कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न वितरण न होने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य विभाग-नॉन को निर्देशित किया कि राशन दुकानों में भंडारण समय पर होने के साथ हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राथमिकता से वितरित हो। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य निरीक्षकों की बैठक लेकर समीक्षा करने और खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन दुकान में खाद्यान्न का गबन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए।



समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के सभी पीएमश्री विद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारियों को विद्यालय का भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करने और आवश्यकताओं की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को पीएमश्री विद्यालय में गुणवत्ता सुधार के साथ उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की दिशा में योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं को भी ध्यान रख रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने ग्रीष्म ऋतु में प्रारंभ होने वाले तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य हेतु वन विभाग को 7 दिवस के भीतर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्राहक सर्वेक्षण, कार्ड वितरण, बीमा, फड़ मुंशी की नियुक्ति, अभिरक्षकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक भुगतान उनके खाते में ही 48 घंटे के भीतर ऑनलाइन करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी संग्राहकों के बैंक खाते समय पर खुल जाएं, यह सुनिश्चित किया जाए।कलेक्टर ने अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विकास कार्यों से संबंधित कार्ययोजना तैयार कर 15 अप्रैल से पूर्व शासन को प्रेषित करने के निर्देश सभी जनपद सीईओ और संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने जिला योजना समिति से अनुमोदन पश्चात वार्षिक, तीन वर्षीय, पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार कर इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, कृषि, पशुपालन, ईको-पर्यटनदूहोमस्टे, पीवीटीजी बसाहटों में विकास कार्य आदि को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने जिले के नेटवर्क-विहीन क्षेत्रों में डिजिटल भारत के तहत मोबाइल टॉवर स्थापना के लिए 5 मार्च तक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सभी जनपद सीईओ को आदिवासी परंपरा और संस्कृति वाले पूजा स्थल को विकसित करने हेतु स्थानों को चिन्हित करते हुए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों के सीएमओ को पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत आवेदकों के ऋण 28 फरवरी तक स्वीकृत कराने, कृषि विभाग को सात दिवस के भीतर लंबित ई-केवाईसी पूर्ण करने, पीएचई-जनपद सीईओ को बलसेन्धा-माली कछार में हैंडपंप लगाने, ग्राम पंचायत देवपहरी के अंतर्गत आने वाले बसाहट में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने, विद्युत विभाग को पीएम सूर्यघर योजना के इंस्टालेशन में प्रगति लाने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर आयुष्मान, वयोवंदन कार्ड, आभा आईडी बनाने के साथ ही सिकलसेल, गैर-संचारी रोग, डायबिटीज, हाइपरटेंशन की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने, महिला एवं बाल विकास विभाग को मातृत्व वंदना योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अंतर्गत सभी विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने डीएमएफ अंतर्गत शिकायत के निराकरण के लिए टोल-फ्री नंबर जारी करने, शिकायतों को पंजी में संधारण करने, नदी व पुल के नीचे होने वाले अवैध उत्खनन को रोकने कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

## रेत खदानों में लगाया गया डिसप्ले, आम नागरिकों को मिल सकेगी जानकारी

### अवैध उत्खनन रोकने हेतु टीम सक्रिय, मोबाइल नम्बर पर की जा सकती है शिकायत



**कोरबा ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा जिला कोरबा में स्वीकृत सभी 20 रेत खदानों पर आवश्यक व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण कर लिया गया है। प्रत्येक रेत खदान के मुख्य मार्ग तथा खदान क्षेत्र के समीप उत्खनन-पट्टा विवरण की पट्टिकाएँ स्थापित की गई हैं, जिससे आम नागरिकों को खदान की स्वीकृति, संचालन और संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी सरलता से उपलब्ध हो सके। खदान क्षेत्र के दोनों ओर प्रारंभिक सीमा और अंतिम सीमा बिंदुओं पर स्पष्ट बोर्ड लगाए गए हैं, जिससे खदान की परिसीमा स्पष्ट रूप से चिह्नित रहे और अनधिकृत गतिविधियों को रोका जा सके। इसके साथ ही खदान क्षेत्र में दिशा-सूचक पट्टिकाएँ भी स्थापित कर दी गई हैं, जिससे स्थल पर निरीक्षण और आवागमन सुगम हो सके।उप संचालक खनिज विभाग श्री प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। आम नागरिक किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत रेत खदानों से संबंधित अवैध गतिविधियों के बारे में नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों में प्रेम राजपूत- 8770924807, संजू लहरे- 8839538188, छतसिंह खैरवार-9753266726, श्रावकुमार श्रीवास- 7447063227 पर सम्पर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन या परिवहन संबंधी सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और सुशासन की स्थापना में सहयोग प्रदान करते हुए किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना त्वरित रूप से उपलब्ध कराएँ।

# सूरज की मुस्कान: संघर्ष से स्नेहिल परिवार तक की अनोखी यात्रा

**कोरबा ।** यह कहानी बालक सूरज (परिवर्तित नाम) के संघर्ष, धैर्य और विभाग के सतत प्रयासों की है, जिसने एक अकेले बच्चे को समाज की मुख्यधारा और एक सुरक्षित परिवार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सूरज का जीवन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से होकर गुज़रा। मात्र चार वर्ष की आयु में पारिवारिक स्थितियों के कारण उसे त्याग दिया गया था। पुलिस द्वारा प्रस्तुत किए जाने के बाद बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उसे मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत सेवा भारती मातृछाया (विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण) में संरक्षण प्रदान किया गया।माता-पिता के स्नेह और पारिवारिक माहौल से वंचित होने के कारण शुरुआती समय उसके लिए बेहद कठिन रहा, लेकिन संस्था ने उसे सुरक्षा, स्नेह और देखभाल देने में कोई कमी नहीं आने दी।संस्था में रहते हुए सूरज को स्वास्थ्य, शिक्षा और अनुशासन के साथ एक संतुलित वातावरण मिला। चिकित्सकीय जांच में पाया गया कि उसे बोलने में कठिनाई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सलाह के आधार पर उसे स्पीच थैरेपी, बेरा टेस्ट और बोन टेस्ट जैसी आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं प्रदान की गईं।लगातार उपचार, देखभाल और मार्गदर्शन से उसके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आए। वह पढ़ाई में रुचि लेने लगा और अनुशासनप्रियता के कारण अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा बन गया।जब व्यापक खोजबीन और विज्ञापन के बाद भी उसके जैविक अभिभावकों का पता नहीं चला, तो बाल कल्याण समिति ने उसे 'लीगल फ्री' घोषित किया। संबंधित सभी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड किए गए।सूरज की आयु छह वर्ष पूर्ण होने पर उसे बड़े बच्चों के बालगृह में स्थानांतरित किया गया। दत्तक प्रक्रिया के अंतर्गत शुरू में दो परिवारों ने उसकी चिकित्सकीय जरूरतों को देखते हुए रेफरल अस्वीकार कर दिया। लेकिन अंततः छत्तीसगढ़ राज्य के ही एक एकल अभिभावक ने उसे स्नेहपूर्वक अपनाने की इच्छा जताई और आगे की सारी प्रक्रिया पूर्ण की।सभी कानूनी औपचारिकताओं के बाद माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, कोरबा द्वारा बालक के सर्वोत्तम हित में दत्तक ग्रहण आदेश जारी किया गया। संस्था ने सूरज का जन्म प्रमाणपत्र बनवाकर उसे नए अभिभावक को विधिवत सौंप दिया।आज सूरज अपने नए परिवार में सुरक्षित, स्नेह से भरा और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है। विभाग द्वारा विगत एक माह में एक अन्य बच्चे को भी विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर दत्तक परिवार से जोड़ा गया है।सूरज की यह सफलता कहानी इस बात का प्रमाण है कि संवेदनशील प्रयास, उचित संरक्षण और प्रेम से किसी भी बच्चे का जीवन एक नई दिशा ले सकता है।

## किया गया अजगर का खतरनाक रेस्क्यु

**कोरबा ।** कोरबा जिला करतला क्षेत्र ग्राम बागबुडा में एक व्यक्ति के कच्चे मकान के छप्पर में एक विशालकाय अजगर चढ़कर बैठा हुआ था। जिस पर घर वालों की नजर पड़ी तो यह सोच कर हक्के-बक्के रह गए कि इतनी ऊंचाई पर आखिर अजगर पहुंचा कैसे फिर घर वालों ने उसको भागने का काफी प्रयास किया, जिस पर वो सफल नहीं हो सके। आखिकार थक कर इसकी जानकारी जिले के रेस्क्यु टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी गयी, जिस पर उनके द्वारा कुछ समय में पहुंचने की बात कही गयी। जितेंद्र सारथी अपने टीम मेंबर भूपेंद्र जगत के साथ वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के मदद से 15 फीट ऊंचे छप्पर में चढ़ कर खपरे को हटाया गया, कच्चे मकान के ऊपर चढ़कर बड़ी सावधानी से आखिरकार 8 फीट के विशालकाय अजगर को नीचे लाया गया फिर उसे सुरक्षित थैले में डाला गया। तब जाकर सभी ने राहत भरी सांस ली। फिर उसे सुरक्षित प्राकृतिक रहवास जंगल में छोड़ दिया गया।

## बजट में नही है कोई ठोस प्रावधान: जय सिंह

**कोरबा ।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जय सिंह अग्रवाल ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में पूरी तरह असफल रहा है।उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। सरकार ने बड़े-बड़े दावे तो किए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत देने वाले ठोस कदमों का अभाव है।अग्रवाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक चुनौतियों के बीच सरकार को जनहितकारी योजनाओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए था, लेकिन बजट में प्राथमिकताएं स्पष्ट नहीं दिखतीं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और शहरी व ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस वित्तीय प्रावधान आवश्यक थे।पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि जिन वायदे के चलते सरकार में आए हैं उन वायदे पर कोई जिक्र नहीं है । कुल मिलाकर यह बजट जूमले का बजट हो गया है ।

## महिलाओं, किसानों और युवाओं के सशक्तिकरण का बजट : गोपाल मोदी

**कोरबा।** 24 फरवरी 2026 को छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा में राज्य का तीसरा बजट (2026-27) प्रस्तुत किया, जिसे 'संकल्प' बजट नाम दिया गया है। 1.72 लाख करोड़ रुपये के इस बजट का मूल मंत्र 'ज्ञान' और 'गति' के माध्यम से समावेशी विकास है। यह बजट अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय और लाइवलीहुड सशक्तिकरण पर केंद्रित है।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट आमजन, किसान, युवा, महिला एवं व्यापारी वर्ग की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने वाला है। उन्होंने इसे 'विकसित छत्तीसगढ़' की संकल्पना को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं ऐतिहासिक बजट बताया। 1.72 लाख करोड़ रुपये का यह बजट राज्य की आर्थिक मजबूती, अधोसंरचना विस्तार और सामाजिक कल्याण योजनाओं को गति देने वाला है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि कर विकास कार्यों को नई रफ्तार देने का लक्ष्य रखा गया है।छत्तीसगढ़ सरकार ने बजट 2026-27 में रानी दुर्गावती योजना की घोषणा की है, जिसके तहत राज्य की बेटियों को जब वे 18 वर्ष की उम्र पूरी कर लेंगी तब उन्हें 1,50,000 (डेढ़ लाख रुपये) की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसी प्रकार महिला सशक्तिकरण हेतु नई कल्याणकारी योजनाओं का प्रावधान किया गया हैं। स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सहायता और स्वरोजगार के अवसरों का विस्तार। पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं के लिए अतिरिक्त बजट। बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि में वृद्धि। बस्तर अंचल के विकास हेतु 100 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 4500 करोड़ रुपये से अधिक का निःशुल्क उपचार, 1600 नई नियुक्तियाँ, 250 नई सीटें।अन्नदाताओं को बेहतर समर्थन मूल्य एवं समय पर भुगतान। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार हेतु बजट वृद्धि। कृषि यंत्रों पर अनुदान और आधुनिक खेती को बढ़ावा।

# शहर में चलेगा स्वच्छता का महाअभियान

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा-निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 25 फरवरी से स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जाएगा, जो 14 अप्रैल तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वार्ड एवं बस्तियों में चलाया जाएगा। प्रतिदिन प्रात: 07 बजे अभियान शुरू होगा, जो कार्य समाप्ति तक जारी रहेगा। व्यापक साफ-सफाई कार्यो के साथ-साथ इस दौरान सडक, फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट लाईट की मरम्मत करने व जल आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किए जाने का कार्य भी एक अभियान के रूप में संचालित होगा।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने मेगा स्वच्छता ड्राईव के संचालन हेतु निगम के वार्डवार नोडल अधिकारियों का दायित्व सौपा गया है, इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि जोन कमिश्नरों या संबंधित अधिकारियों को उनके जोन का नोडल अधिकारी न बनाकर दूसरे जोन के वार्डो का नोडल अधिकारी बनाया जाए ताकि वे पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन धरातलीय स्तर पर करें। स्वच्छता महाअभियान के लिए निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 25 फरवरी को वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा व वार्ड क्र. 04 राताखार, 26 फरवरी को वार्ड क्र. 23 बुधवारी क्र. 01 व वार्ड क्र. 27 महाराणा प्रतापनगर, 27 फरवरी को वार्ड क्र. 39 रिसदा व वार्ड क्र. 49 हसदेव क्र. 02, 28 फरवरी को वार्ड क्र. 02 पटेलपारा, वार्ड क्र. 03 साकेतनगर, 02 मार्च को वार्ड क्र. 24 बुधवारी क्र. 02, वार्ड क्र. 26 रविशंकर शुक्लनगर, 05 मार्च को वार्ड क्र. 44 नेहरूनगर, वार्ड क्र. 53 चोरभट्ठी, 06 मार्च को वार्ड क्र. 05 देवांगनपारा, वार्ड क्र. 17 छ.ग.रा.वि.मं. कं. 01, 11 मार्च को वार्ड क्र. 36 कोसाबाड़ी, वार्ड क्र. 28 एसईसीएल कालोनी क्र. 01, 12 मार्च को वार्ड क्र. 40 पाड़ीमार क्र. 01, वार्ड क्र. 54 जमनीपाली, 13 मार्च को वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती, वार्ड क्र. 15 परिवहन नगर, 14 मार्च को वार्ड क्र. 25 शिवाजीनगर, वार्ड क्र. 29 मुड़ापार, 16 मार्च को वार्ड क्र. 41 पाड़ीमार क्र. 02, वार्ड क्र. 56 शक्तिनगर क्र. 01, 17 मार्च को वार्ड क्र. 07 धनुहारपारा, वार्ड क्र. 16 पम्प हाउस, 18 मार्च को वार्ड क्र. 20 छ.ग.रा.वि.मं. क्र. 02, वार्ड क्र. 30 एसईसीएल कालोनी क्र. 02, 19 मार्च को वार्ड क्र. 45 परसाभांठा, वार्ड क्र. 48 हसदेव क्र. 01, 20 मार्च को वार्ड क्र. 08 मोतीसागरपारा, वार्ड क्र. 18 कोहड़िया, 23 मार्च को वार्ड क्र. 35 खरमोरा वार्ड, वार्ड क्र. 33 मानिकपुर, 24 मार्च को वार्ड क्र. 42 बालकोनगर, वार्ड क्र. 57 शक्तिनगर क्र. 02, 25 मार्च को वार्ड क्र. 09 इमलीडुग्गू, वार्ड क्र. 37 रामपुर, 27 मार्च को वार्ड क्र. 34 दादरखुर्द, वार्ड क्र. 43 कैलाशनगर वार्ड, 28 मार्च को वार्ड क्र. 50 हसदेव क्र. 03, वार्ड क्र. 10 भिलाईखुर्द, 30 मार्च को वार्ड क्र. 21 छ.ग.रा.वि.मं. क्र. 03, वार्ड क्र. 47 रूमगरा, 31 मार्च को वार्ड क्र. 59 दर्रीखार क्र. 01, वार्ड क्र. 11 सीतामणी, 02 अप्रैल को वार्ड क्र. 31 आरपीनगर, वार्ड क्र. 46 बेलगिरी बस्ती, 03 अप्रैल को वार्ड क्र. 51 स्याहीमुड़ी, वार्ड क्र. 12 नई बस्ती, 04 अप्रैल को वार्ड क्र. 32 पोड़ीबहार वार्ड, वार्ड क्र. 38 लालघाट, 06 अप्रैल को वार्ड क्र. 52 अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 13 शारदा विहार, 07 अप्रैल को वार्ड क्र. 22 कांशीनगर, वार्ड क्र. 64 इमलीछापर, 08 अप्रैल को वार्ड क्र. 14 अमरैयापारा, वार्ड क्र. 19 पथर्रीपारा, 09 अप्रैल को वार्ड क्र. 60 दर्रीखार क्र. 02, वार्ड क्र. 61 वैशालीनगर, 10 अप्रैल को वार्ड क्र. 58 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर, वार्ड क्र. 62 सर्वमंगला नगर, 11 अप्रैल को वार्ड क्र. 67 बलगीखार, वार्ड क्र. 63 विकास नगर, 13 अप्रैल को वार्ड क्र. 55 सुमेधा, वार्ड क्र. 66 डगनियाखार एवं 14 अप्रैल को वार्ड क्र. 65 भैरोताल में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रस्ताव पर बजट में मिली करोड़ों की सौगात

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन सह कोरबा नगर विधायक के सशक्त प्रयासों से कोरबा नगर निगम क्षेत्र के साथ-साथ पूरे जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण सड़क निर्माण, पुल पुलिया का निर्माण, शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति बजट में प्राप्त हुई है। जारी बजट में कोरबा नगर निगम क्षेत्र में बालको रोड से ढोढीपारा नहर मार्ग होते हुए पंप हाउस तक 12 किलोमीटर लंबे टू लेन मार्ग हेतु 9.60 करोड़, सुनालिया पुल का निर्माण 7.20 करोड़, बालको नगर क्षेत्र के बंद हो चुकी गर्म नहर मार्ग का भराव करते हुए अमर होटल से आगे की ओर सीसी रोड सड़क निर्माण लंबाई 4 किलोमीटर लागत 6.40 करोड़, दादर से नकटीखार 5 किलोमीटर लंबाई पहुंच मार्ग निर्माण 5.60 करोड़, रूमगरा चौक से सोनपुरी मार्ग 6 किमी 5.60 करोड़, रूमगड़ा से जाम बाहर तक सीसी मार्ग निर्माण लंबाई 4 किलोमीटर लागत 4.80 करोड़, कोरबा शहर के रानी रोड से नदी की ओर दुरपा रोड को जोड़ते हुए सर्वमंगला ब्रिज के नीचे तक सीसी सड़क निर्माण कार्य लंबाई 3 किलोमीटर लागत 4.80 करोड़, डिंगापुर से सिंचाई कॉलोनी मुक्तिधाम रामपुर तक सीसी मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 3 किलोमीटर, लागत 4 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। साथ ही देवी अहिल्याबाई होल्कर कन्वेंशन सेंटर कोरबा का वातानुकूलित कार्य 2.50 करोड़ और कटघोरा में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण कार्य 5 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इसके अतिरिक्त अलग-अलग विभागों के माध्यम से कई अन्य स्वीकृत बजट में प्राप्त हुई है। कोरबा शहर के सीएसईबी चौक कोरबा के पास वाइस सेफ रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, बरबसपुर यार्ड के पास रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य के साथ साथ कोरबा चापा गेवरा रेल लाइन में दो स्थान पर ओवर ब्रिज निर्माण सर्वेक्षण हेतु 16 करोड़ की स्वीकृति मिली है।

**जिले के इन ग्रामीण मुख्य सड़कों को मिली स्वीकृति**

* कटघोरा से जेंजरा चौक मार्ग तक फोरलेन सड़क चौड़ीकरण
* सुतर्रा मार्ग पर खोलार नाला में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण
* सीपत बलौदा कोरबा मार्ग पर हसदेव नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण
* महोरा से चिचोली सड़क मार्ग का 12 किमी का सड़क निर्माण
* ग्राम लेमरू, नाकिया, विमलता मार्ग 10 किमी का मजबूतीकरण कार्य
* ग्राम कोथारी सोहागपुर से उमरेली मार्ग का उन्नयान निर्माण 10 किमी
* पोड़ी-उपरोड़ा के सीपत पारा से खरवार पारा ग्रामीण मार्ग लंबाई 6 किलोमीटर
* पोड़ी-उपरोड़ा के कुर्था पारा प्राथमिक शाला से कासाबहरा पहुंच मार्ग लंबाई 6 किलोमीटर
* पोड़ी-उपरोड़ा के पचधार पहुंच मार्ग लंबाई 5 किलोमीटर

* कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री का जताया आभार

राज्य शासन के बजट में कोरबा नगर निगम क्षेत्र और समूचे जिले के महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का विशेष आभार व्यक्त किया। कोरबा नगर को लगातार बड़े निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति मिल रही है।

* इन शासकीय विद्यालयो के निर्माण हेतु मिली स्वीकृति

स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश के ढाई सौ प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है, इसमें से कोरबा जिले के 22 प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हुई। इसमें प्राथमिक शाला देवद्वारी, मोती सागर पारा, बेला कछार, शासकीय कन्या कोरबा, लालघाट, सेंट्रल वर्कशॉप, गोकुल नगर, दादर खुर्द, नया रिसदी, डूमरडीह झगहरा, करतला के गनियारी, बुढ़िया पाली, भाटापारा, बंजारी, पाली के चारपारा, सेमर कछार, दहीबोरापारा, शांति नगर, पोड़ी-उपरोड़ा के खोडरी, कुम्हारी सनी, चचाईयापारा, बनवार प्राथमिक शाला भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी तरह करतला ब्लॉक के दो हाई स्कूल भवन शासकीय हाई स्कूल फतेगंज, नोन्दहरा प्रति भवन 75.33 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

# बिरगहनी (च) में नियमों को ताक पर रख हो रहा राखड़ डंपिंग, ग्रामीणों और पर्यावरण पर मंडराया खतरा

**जांजगीर-चांपा।** जिले के ग्राम पंचायत बिरगहनी (च) में इन दिनों पावर प्लांटों से निकलने वाली कोयला राखड़ का डंपिंग यार्ड विवादों के घेरे में है। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां प्रशासन द्वारा दी गई अनुमति की धज्जियां उड़ाते हुए मनमाने ढंग से राखड़ का अवैध भंडारण किया जा रहा है, जिससे न केवल आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि भविष्य में बड़े जल संकट और प्रदूषण की स्थिति निर्मित हो रही है।

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, संबंधित डंपिंग कर्ताओं ने कम जमीन की अनुमति ली थी, लेकिन वर्तमान में वे निर्धारित सीमा से कहीं अधिक जमीन पर राखड़ डाल रहे हैं। इतना ही नहीं, सुरक्षा मानकों को नजरअंदाज करते हुए राखड़ के ढेर को 10-15 फीट से अधिक ऊंचाई तक ढ़ेर कर दिया गया है।

**आवागमन बाधित और दुर्घटना का भय**

सड़क के किनारे और रिहायशी इलाकों के करीब हो रहे इस डंपिंग के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हवा चलते ही राखड़ उड़ने से विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे दुपहिया वाहन चालकों के फिसलने एवं गिरने का डर बना रहता है जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।



हसदेव नदी पर मंडराया 'प्रदूषण' का खतरा

ग्रामीणों ने आगामी मानसून को लेकर बड़ी चिंता जताई है। उनका कहना है किनाले में बहाव- बरसात के समय यह राखड़ बहकर सीधे पास के नालों में जाएगी।

हसदेव नदी का प्रदूषण- ये नाले आगे चलकर जीवनदायिनी हसदेव नदी में मिलते हैं। राखड़ के मिलने से नदी का पानी जहरीला और दूषित हो जाएगा, जिसका सीधा असर जलीय जीवों और नदी किनारे बसे गांवों के निवासियों पर पड़ेगा।

**प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल**

इतने बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध डंपिंग के बावजूद संबंधित विभाग की चुप्पी पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल इस डंपिंग को रुकवाया जाए और सीमांकन कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

राखड़ के बारीक कण फेफड़ों के लिए घातक हैं और नदी में इसका मिलना पूरे क्षेत्र के इकोसिस्टम को बर्बाद कर सकता है। प्रशासन को समय रहते जागना होगा।

## बजट प्रतिक्रिया

### किसानों के हित में है बजट:रवि पांडेय



**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता किसान नेता इंजी. रवि पाण्डेय ने बजट का स्वागत करते हुए इसे किसानों के हित में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है।

इंजी. पाण्डेय ने कहा कि इस बजट में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सिंचाई, कृषि अधोसंरचना, समर्थन मूल्य व्यवस्था और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रावधान किए हैं, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इससे खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और युवाओं को कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।

रवि पाण्डेय ने विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश के किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे ।साथ ही उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने के लिए जांजगीर-चांपा जिले को ऑटोमैटिक ट्रैक की घोषणा होने पर वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया ।

### जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष ने बजट पर जताई नाराजगी



**चांपा।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष विवेक सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह बजट उद्योगपति मित्र अदानी को खुश करने के लिए तैयार किया गया है राज्य के राजस्व का अधिकांश पैसा बस्तर और सरगुजा में दिया जाना इस बात को प्रमाणित करती है वैसे भी भाजपा हमेशा जुमलों की पार्टी रही है और इस बार भी बजट के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई है। सिसोदिया ने कहा कि बजट में युवाओं और बेरोजगारों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है, जो निराशाजनक है। उन्होंने किसानों की भी स्थिति पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस बार खरीदे गए धान में हजारों किसान अपनी उपज बेचने से वंचित रह गए हैं, और बजट में उनके लिए कोई राहत या उपाय दिखाई नहीं दे रहा है।सिसोदिया ने सरकार से अपेक्षा जताई कि भविष्य में बजट ऐसे उपायों पर ध्यान केंद्रित करे जो युवाओं, बेरोजगारों और किसानों के हित में हो।

## अवैध वसूली एवं आरटीआई के दुरूपयोग पर कार्यवाही की मांग

### सैकड़ो की संख्या में सचिव एवं सरपंच पहुँचे एसपी कार्यालय




**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के ग्राम पंचायत के सरपंचों व सचिवों से अवैध वसूली धमकी एवं सूचना का अधिकार अधिनियम के दुरूपयोग के संबंध में सोमवार को सचिव व सरपंच संघ लामबंद होकर सैकड़ो की संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँच कार्यवाही की मांग को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंप विधिसम्मत कार्यवाही मांग किये हैं। ज्ञापन में सचिव संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गहलोत ने बताया कि जांजगीर-चाम्पा व एवं सक्ती की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पदस्थ सरपंच व सचिव है। विगत कई वर्षों से निलेश कुमार साहू सहित नवल सिंह ठाकुर, आकाश बैरागी, इस्माईल खान, तरुण भारद्वाज, एवन बंजारा जो स्वयं को पत्रकार बताते हुए बताता है। द्वारा अपने कथित पत्रकारिता पद का दुरूपयोग करते हुए ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों पर अवैध धनराशि देने हेतु निरंतर दबाव बनाया जा रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा प्रत्येक छः माह में समाचार विज्ञापन प्रकाशित करने के नाम पर बड़ी धनराशि की मांग की जाती है तथा धनराशि न देने की स्थिति में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर पंचायतों की शिकायत करने, अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने तथा जेल भिजवाने जैसी धमकियां दी जाती है। इस प्रकार वह भय एवं मानसिक दबाव उत्पन्न कर अवैध वसूली कर रहा है। संघ ने बताया कि निलेश कुमार साहू द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक समान प्रकृति के 30-40 आवेदन सूचना का अधिकार प्रेषित किये जाते है, जिनमें 5-10 वर्षों के विस्तृत अभिलेखों कि भाग की जाती है। इस प्रकार की अत्यधिक एवं पुनरावृत्तिपूर्ण मांग से शासकीय कार्य बाधित हो रहा है तथा पंचायत पदाधिकारियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव पड़ रहा है। सूचना का अधिकार अधिनियम जनहित में पारदर्शिता हेतु बनाया गया है। किन्तु इसका दुरूपयोग कर भयादोहन करना विधि-रूप है। अवैध वसूली अपनाधिक धमकी एवं शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराई जाये।

## विकास, उद्योग और जनकल्याण की दिशा में बड़ा कदम : अमर सुल्तानिया

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत लगभग 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के बजट को विकासोन्मुख और जनहितकारी बताते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जशपुर जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि यह बजट प्रदेश के भविष्य को मजबूत आधार देने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की दूरदृष्टि से राज्य सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्र में रखकर योजनाएं तैयार की हैं। साथ ही बताया कि करीब 5,700 करोड़ से बढ़कर 1.72 लाख करोड़ तक पहुँचा बजट लगभग 30 गुना वृद्धि के साथ राज्य की आर्थिक प्रगति को दर्शाता है।



अमर सुल्तानिया ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में विकास और संवेदनशीलता दोनों का संतुलन दिखाई देता है। प्रदेश में 23 नए उद्योगों के साथ उद्योग पार्क विकसित करने की घोषणा से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर भविष्य मिल सकेगा।

उन्होंने सिरपुर में रिवर फ्रंट और मेडिटेशन सेंटर बनाने की योजना को सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार इससे छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

## हर वर्ग के लिए साबित होगा फायदेमंद



भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करे हुए कहा कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट हर वर्ग के लिए फायदेमंद साबित होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश का 2026 का बजट युवा, महीला, किसान, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग, परिवहन, एवं शासकीय कर्मचारियों का बजट सभी वर्गों को देखते हुए बजट तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश का 2026 का बजट युवा, महिला, किसान, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्?योग, परिवहन, एवं शासकीय कर्मचारियों का बजट सभी वर्गों को देखते हुए बजट तैयार किया गया है।

## पुरानी डपली पर नया राग



**चांपा।** बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री आभास बोस ने इसे पुरानी डपली पर नया राग अलापने की कोशिश बताया है अधो संरचना विकास के लिए कोई दीर्घकालिक योजना नही है मैदानी क्षेत्र की समस्या बेरोजगारी आर्थिक सामाजिक अपराध पर नियंत्रण के लिए कोई विशेष बजट नही रखा गया है नई शिक्षकों पुलिस की भर्ती पर बजट मौन है कुल मिलाकर ये असंतुलित बजट है जिसमें केवल ढिंढोरा पीटा गया है जबकि पिछले बजट की घोषित योजनाये अभी भी आधी अधूरी है।

## अत्यंत निराशा जनक है सरकार का बजट



**चांपा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा ने बजट को अत्यंत निराशाजनक बताते हुए कहा कि बजट का एक बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज का ब्याज चुकाने में जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग और गरीब जनता को उम्मीद थी कि इस बजट में वैट कम कर पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए जाएंगे, जिससे महंगाई कम होगी, लेकिन वित्त मंत्री ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल कागजों पर विकसित छत्तीसगढ़ की बात करता है, जबकि हकीकत में गरीब, युवा और शहर की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। बजट केवल आंकड़ों - का मायाजाल नजर आ रहा है।

## पहली से सातवीं तक की वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल में होगी, समय-सारणी जारी

**जांजगीर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने कक्षा पहली से चौथी और छठवीं-सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 की समय-सारणी जारी कर दी है। परीक्षा मार्च-अप्रैल 2026 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी।

पूर्व माध्यमिक कक्षाओं (कक्षा छठवीं व सातवीं) की परीक्षा सुबह 9 बजे से 12 बजे तक होगी। कक्षा छठवीं की पहली परीक्षा 25 मार्च को हिंदी और कक्षा सातवीं की पहली परीक्षा इसी दिन अंग्रेजी विषय की होगी। इसके बाद 28 मार्च को छठवीं अंग्रेजी तथा सातवीं हिंदी की परीक्षा देगी।

## गौरवपथ में शीघ्र स्पीड ब्रेकर बनाने केशरवानी समाज चांपा ने नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**चांपा।** नगर का गौरवपथ इन दिनों एक्सीडेंट जोन बन चुका है, लगातार एक के बाद एक वाहन दुर्घटना हो रहा है, जिससे नगर की आम जनता में डर का माहौल बन चुका है और इस सड़क पर चलने से डरने लगे हैं।

गौरतलब है कि गौरवपथ में कॉलेज, बस स्टैंड, कई हॉस्पिटल, पीएचई ऑफिस, नगरपालिका ऑफिस के साथ साथ शराब दुकान भी स्थित है, जिसके चलते इस रोड में आने जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ गई है। रोड बहुत अच्छा है जिसके कारण लोग अपनी गाड़ी तेज रफ्तार से चलाते हैं और जाने अनजाने में दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं और अपने साथ ठीक ठाक गाड़ी चलाने वाले तथा पैदल चलने वाले लोगों को भी अपनी चपेट में ले लेते हैं।

गौरवपथ में दुर्घटना को रोकने या कम करने के प्रयास हेतु केशरवानी समाज चांपा का प्रतिनिधिमंडल के द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से अलग अलग स्थानों पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर शीघ्र बनाने की मांग की गई, ताकि इस रोड में लगातार हो रहे दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके। केशरवानी समाज के प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक भवानी गुप्ता, नगर अध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण गुप्ता, संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत गुप्ता, कार्ययोजना मंत्री विष्णु बानी, प्रचार प्रसार मंत्री परमेश्वर केशरवानी, सह कोषाध्यक्ष नीलेश गुप्ता, तरुण सभा के कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता, राष्ट्रीय महिला सभा के संरक्षक श्रीमती कल्याणी केशरवानी, नगर महिला सभा के अध्यक्ष अल्का केशरवानी, श्रीमती पूजा गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा बजट



**चांपा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नंदिनी राजवाड़े ने कहा कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य स्तर पर एक ठोस प्रयास है। बजट में किए गए प्रावधान छत्तीसगढ़ के विकास में महती भूमिका निभाएगी। अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और डिजिटल कनेक्टिविटी पर विशेष बल देकर सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि छत्तीसगढ़ केवल संसाधनों का प्रदेश नहीं, बल्कि संभावनाओं का प्रदेश है। उन्होंने बजट को जनहितकारी, दूरदर्शी और विकासोन्मुख बताया। बजट को सरकार के विकास का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के विकास में यह मील का पत्थर साबित होगा।

## प्रस्तुत बजट छत्तीसगढ़ के संतुलित एवं सर्वांगीण विकास का बजट नहीं:नागेंद्र गुप्ता



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बजट राज्य के संतुलित एवं सर्वांगीण विकास की भावना को प्रतिबिंबित नहीं करता। बजट में बस्तर एवं सरगुजा अंचल पर अत्यधिक फोकस किया गया है, जबकि छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों की घोर उपेक्षा की गई है।

शासकीय रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस योजना सामने नहीं आई है। प्रोफेसर, शिक्षक-शिक्षिकाओं, डॉक्टरों सहित अन्य शासकीय पदों पर भर्ती को लेकर बजट पूरी तरह मौन है

जांजगीर-चांपा जिले के लिए बजट में कोई विशेष योजना शामिल नहीं की गई है। धान उत्पादक क्षेत्र होने के बावजूद धान एवं चावल आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसी प्रकार 'सिल्क सिटी' के रूप में पहचाने जाने वाले जिले में कोसा कपड़ा बुनकरों के लिए भी कोई योजना नहीं लाई गई है।

इसके साथ ही नगरीय निकायों के विकास, आधारभूत संरचना एवं जन सुविधाओं के लिए भी बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं है। कुल मिलाकर यह बजट न तो रोजगारोन्मुखी है व्यक्ति मुल्क रोजगार और न ही छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों के समावेशी विकास की दिशा में संतुलित प्रयास करता है

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (CIN: U40108CT2003SGC015821)
No.15-06/S&P/EE-IV/CHP/W/T-17/26/605 Marwa, dtd. 24-02-2026
**NOTICE INVITING TENDER NO. TN-13/2026**
Sealed tenders are invited for:

| S. No | Tender Spec. No. | Particulars | Last date for sale of tender documents | Due date of Submission/ Opening of tender | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/S&P/ EE-II/ CHP/W/ T-17/26 | Deployment of 01 no Car category-III vehicle for S.E. (CHP -Maint) at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa. | 19.03.2026 15:30 Hrs | 20.03.2026 15:30 Hrs | Rs. 590/- (Rs.500/- +GST @18%) | Rs. 14,020/- |

Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on our website www.cspc.co.in only. Superintending Engineer (Contract) O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa
SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
S- 44996/2

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.CHIEF ENGINEER (S&P) DSPM TPS, KORBA EAST, DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. -(07759) 228501, TELEFAX -228501 Email:
**E-TENDER NOTICE NO.3201/2026**
Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced Bidders for the Supply as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

| S. N. | Tender Specification No. | RFx No./E-Tender No. | Particulars | Qty | Last date & time of bid submission | E.M.D. | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 16-06 DSPM TPS/S&P/EMD/PT-39/425 | 8100049635 | Supply, Installation and Commissioning of DG set 125 KVA along with relay sensing device at DSPM TPS CSPGCL KORBA East. | As per tender schedule | 12.03.2026 15:30 Hrs | Rs.14,850/- | Rs.590/- (Incl GST @18%) |

Notes:-For more details, please visit our website at: - https://www.cspc.co.in . Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.
S. E. (Procurement)
SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION
DSPM TPS: CSPGCL KORBA EAST
S- 46995/3

## गांव, गरीब, किसान के लिए कुछ नहीं बजट में: रमेश पैगवार



**चांपा।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष रमेश पैगवार ने कहा कि प्रदेश के भाजपा सरकार का बजट केवल औपचारिकता पूरा करने के लिए पेश किया गया है। बजट में आंकड़ों का मायाजाल है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के कार्यकाल में चलाएं जा रहे मनरेगा में 10 प्रतिशत अंश राज्य को वहन करना होता था, जिसे मोदी सरकार द्वारा नाम बदल दिया गया। प्रदेश की बजट में गरीब एवं किसानों के लिए कुछ नहीं। यह बीजेपी का हवा हवाई बजट है जिसका लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल पाएगा।

## प्रदेश बजट पर कांग्रेस का तीखा हमला: किसानों पर दबाव जिले की अनदेखी और आबकारी नीति पर सवाल :राजेश अग्रवाल

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर सियासत तेज हो गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जांजगीर-चांपा जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनविरोधी, किसान विरोधी और जिले की उपेक्षा करने वाला दस्तावेज बताया है।

राजेश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की सरकार एक ओर किसानों के हितैषी होने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर धान खरीदी के मामले में किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदने में आना-कानी की जा रही है और नए-नए नियम व शर्तें लगाकर किसानों को अपनी उपज बेचने से वंचित किया जा रहा है।

उन्होंने दावा किया कि धान खरीदी केंद्रों में तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनें खड़ी कर किसानों को परेशान किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार किसान हैं, लेकिन बजट में उनके लिए ठोस और भरोसेमंद प्रावधान नजर नहीं आते।



राजेश अग्रवाल ने यह भी कहा कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी इसी जिले के प्रभारी मंत्री हैं, इसके बावजूद जांजगीर-चांपा को बजट में कोई विशेष सौगात नहीं मिली। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले की सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य और उद्योग से जुड़ी लंबित मांगों की अनदेखी की गई है।

आबकारी नीति को लेकर भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की आबकारी नीति विरोधाभासी है—एक ओर राजस्व बढ़ाने के नाम पर शराब बिक्री को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सामाजिक दुष्प्रभावों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब नीति से गांव और शहर दोनों क्षेत्रों में सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं, लेकिन सरकार इस पर गंभीर नहीं है।

राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह बजट और सरकार की नीतियां आम जनता, किसानों और युवाओं की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और सरकार की नीतियों के खिलाफ व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाएगी।

### आम लोगों का रखा गया ध्यान



छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुदृढ़ स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था तथा जनकल्याण के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस बजट में आमजन की आवश्यकताओं, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह बजट निश्चित रूप से जनहितकारी, विकासोन्मुख एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को नई दिशा और गति प्रदान करने वाला दूरदर्शी बजट साबित होगा।

गगन जयपुरिया
उपाध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा

# चार्टर्ड विमान हादसे हुए तो संचालक जिम्मेदार, डीजीसीए ने कड़े किए नियम, कहा- केवल पायलटों पर दोष मढ़ना ठीक नहीं

**नई दिल्ली।** महीने भर के अंदर एक के बाद एक निजी चार्टर्ड विमान हादसों के बाद डीजीसीए ने सख्त रुख अपनाते हुए विमानन नियामक डीजीसीए ने गैर-निर्धारित विमान संचालकों (एनएसओपी) के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। हालिया दुर्घटनाओं के मद्देनजर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सुरक्षा मानकों को लेकर कई नई व्यवस्थाओं की घोषणा की है और स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब पायलट से लेकर कंपनी संचालक तक कार्रवाई के दायरे में लाए जाएंगे। दरअसल, सोमवार को रांची से दिल्ली जा रहा एक एयर एंबुलेंस विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। यह विमान एक गैर-निर्धारित ऑपरेटर द्वारा संचालित किया जा रहा था। इससे पहले 28 जनवरी को महाराष्ट्र के बारामती के पास वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाला एक लियरजेट-45 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी।इसके अलावा, अंडमान निकोबार में पवन हंस हेलीकॉप्टर भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सात लोगों को सुरक्षित बचाया गया था। इन घटनाओं के बाद डीजीसीए ने सभी नान-शेड्यूल्ड आपरेटरों (एनएसओपी) की बैठक बुलाई। बैठक में हाल के विमानन हादसों में वृद्धि पर चिंता जताते हुए सुरक्षा पर विशेष फोकस की आवश्यकता पर जोर दिया गया।



नियामक ने साफ कहा कि सुरक्षा चूक का ठीकरा केवल पायलटों पर नहीं फोड़ा जा सकता, बल्कि जवाबदेह प्रबंधक और वरिष्ठ प्रबंधन भी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाएंगे। नई व्यवस्थाओं के तहत गैर-निर्धारित विमान संचालकों को अपने विमानों की आयु, रखरखाव का ब्योरा और अन्य महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारियां सार्वजनिक करनी होंगी। साथ ही, इन आपरेटरों की सुरक्षा रैंकिंग भी तैयार की जाएगी, ताकि यात्रियों को पारदर्शी जानकारी मिल सके। डीजीसीए ने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन पर पायलटों के लाइसेंस को अधिकतम पांच वर्ष तक निलंबित किया जा सकता है। पुराने विमानों और स्वामित्व परिवर्तन से गुजर रहे विमानों की विशेष निगरानी की जाएगी। बीएओए ने भी सतर्कता बरतने को कहा उधर, बिजनेस एयरक्राफ्ट आपरेटर्स एसोसिएशन (बीएओए) ने भी अपने सदस्यों से आंतरिक सुरक्षा आडिट कराने और क्रू ब्रीफिंग को सख्ती से लागू करने की अपील की है।संगठन ने कहा कि विशेष रूप से अनियंत्रित हवाईपट्टियों और सीमित मौसम सहायता वाले क्षेत्रों में उड़ान भरने वाले आपरेटरों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए। मंत्रालय भी व्यापक समीक्षा में जुटा नागर विमानन मंत्रालय ने भी संकेत दिया है कि गैर-निर्धारित उड़ानों और छोटे हवाईअड्डों के संचालन की व्यापक समीक्षा की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## अमेरिका में 10 प्रतिशत नए टैरिफ लागू, 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी

**वाशिंगटन 25 फरवरी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछले सप्ताह आपातकालीन शक्तियों के तहत लगाए गए व्यापक आयात शुल्क रद किए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार से 10 प्रतिशत का नया अस्थायी वैश्विक टैरिफ लागू कर दिया।हालांकि व्हाइट हाउस ने संकेत दिया है कि इसे 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी जारी है और इस पर राष्ट्रपति का रुख नहीं बदला है। फिलहाल, अमेरिकी कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन एजेंसी ने शिपर्स को 10 प्रतिशत की दर से टैरिफ वसूले जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां कानून के तहत लगाए गए 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक के शुल्क को निरस्त कर दिया था, जिसके बाद नई रणनीति के तहत 150 दिनों के लिए 10 प्रतिशत टैरिफ अधिसूचित किया गया। 15 प्रतिशत वृद्धि के लिए अभी औपचारिक आदेश जारी होना बाकी है। ट्रंप प्रशासन की नई टैरिफ दरों को लेकर अमेरिकी शेयर बाजारों में भी निराशा नजर आई।इस बीच, भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि टैरिफ को लेकर स्थिति स्पष्ट होते ही भारत अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता फिर शुरू करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 26 फरवरी को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा के दौरान मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू होने की उम्मीद है।

# एक मां का दोहरा दर्द... पहले 15 साल का इकलौता बेटा फंदे पर झूला, फिर उसी की हत्या के आरोप में जाना पड़ा जेल



**गुना, 25 फरवरी [एजेंसी]।**

एक मां के लिए अपनी आंखों के सामने अपने इकलौते बेटे का शव देखना दुनिया का सबसे बड़ा दुख होता है। लेकिन गुना की अलका जैन के लिए यह दुख यहीं खत्म नहीं हुआ। जिस बेटे की मौत के सदमे से वह उबर भी नहीं पाई थीं, उसी बेटे की हत्या के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब जाकर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने इस मामले में दखल देते हुए अलका जैन पर लगे सभी आरोपों को निरस्त कर दिया है और निचली अदालत की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की है। अलका जैन की शादी 1 जून 2006 में भोपाल में बैंक में पदस्थ अनुपम जैन से हुई थी। 1 फरवरी 2011 को उनके घर एक बेटे (अभ्युदय) का जन्म हुआ। पति के तबादले के कारण अलका अपने 15 वर्षीय बेटे के साथ गुना में रह रही थीं। 14 फरवरी 2025 की सुबह अलका ने अपने घर के बाथरूम में अपने इकलौते बेटे को फंदे से लटकता हुआ पाया। बदहवास माँ उसे लेकर तुरंत जिला अस्पताल दौड़ी, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट (15 फरवरी 2025) में मौत की वजह गला घोंटना बता दी गई। इसी आधार पर गुना पुलिस ने 22 फरवरी 2025 को अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया।

जांच में सीधे माँ (अलका) को ही आरोपी मानते हुए 8 मार्च 2025 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, बाद में 16 जून 2025 को उच्च न्यायालय से उन्हें नियमित जमानत मिल गई थी। इस अन्याय के खिलाफ अलका के पति ने पुलिस मुख्यालय में शिकायत की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, गुना द्वारा एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच में यह बात सामने आई कि अभ्युदय अपनी पढ़ाई को लेकर अवसाद में था। उसके अंक लगातार गिर रहे थे; पांचवीं कक्षा में 89.5 प्रतिशत से गिरकर सातवीं में 64.7 प्रतिशत रह गए थे। विशेष जांच दल ने साफ़ कहा कि मां के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक की मंजूरी के बाद अदालत में खात्मा रिपोर्ट पेश कर दी गई।कहानी में नया मोड़ तब आया जब गुना के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पुलिस की इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया। 9 मई 2025 को बिना किसी ठोस सबूत के, महज़ कुछ शंकाओं (जैसे- माँ ही घर में थी, उसने ही फंदा काटा, आदि) के आधार पर मजिस्ट्रेट ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 और 238 के तहत संज्ञान लेते हुए माँ पर मुकदमा चलाने का आदेश दे दिया।

# सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख, ईवी चार्जिंग गाइडलाइन्स पर केंद्र और यूपी सरकार से मांगा स्पष्टीकरण

**नईदिल्ली, 25 फरवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने आवासीय सोसायटियों में वर्ष 2024 के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के संदर्भ में जारी दिशानिर्देशों को लागू कराने के लिए दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी कर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब तलब किया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की पीठ सुनवाई की शुरुआत में उस समय नाराज हो गई, जब याचिकाकर्ता रचित कत्याल के वकील ने कहा कि इस मुद्दे पर याचिकाएं लंबित हैं और उनकी याचिका को भी उनके साथ सुनवाई के लिए स्वीकार किया जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें इस सूची में एक और याचिका क्यों जोड़ना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, जनहित याचिका दायर करने वालों की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है। लगता है कि अब कुछ प्रमुख चेहरे ऐसे हैं जिनका एकमात्र एजेंडा सुबह अखबार पढ़ना और जनहित याचिका दायर करना है।हालांकि पीठ ने बाद में कत्याल की याचिका स्वीकार कर ली और केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, ग्रेटर नोएडा स्थित निराला एस्टेट हाउसिंग सोसायटी और उसकी संपत्ति प्रबंधन एजेंसी कुशमैन एंड वेकफील्ड प्रापर्टी मैनेजमेंट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जवाब मांगा है। याचिका पर 13 अप्रैल की सुनवाई हो सकती है। याचिकाकर्ता ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) निराला एस्टेट फेज-3 में फ्लैट में रहते हैं। उन्होंने ईवी खरीदा था। उन्होंने अपने खर्च पर प्रमाणित निजी ईवी चार्जर स्थापित करने के लिए 26 मई, 2025 को हाउसिंग सोसायटी और प्रबंधन एजेंसी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मांगा था।हालांकि सरकारी दिशानिर्देशों के बावजूद कोई निर्णय नहीं लिया गया, जबकि विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापना और संचालन दिशानिर्देश 2024 में स्पष्ट रूप से निवासियों को निजी चार्जिंग यूनिट स्थापित करने की अनुमति दी गई है।याचिका में कहा गया कि आवास समितियों द्वारा ईवी चार्जर लगाने के लिए एनओसी प्रदान करने से मनमाने ढंग से इन्कार करना अनुच्छेद 14 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। ईवी को अपनाने में मुख्य बाधा आवास समितियों द्वारा आवंटित पार्किंग स्थानों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाने की अनुमति देने में अनुचित इन्कार या देरी है।

## बंगाल की छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, आरडीएक्स वाले ई-मेल से मचा हड़कंप

**कोलकाता।** बंगाल के न्यायिक गलियारों में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कोलकाता समेत राज्य के जिलों की छह अदालतों को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। अज्ञात प्रेषक द्वारा भेजे गए संदेश में दावा किया गया था कि अदालत परिसरों में आरडीएक्स रखा गया है और दोपहर तक सब कुछ उड़ा दिया जाएगा।इस धमकी के बाद कोलकाता स्थित नगर सत्र न्यायालय, बैंकशाल कोर्ट, आसनसोल कोर्ट, दुर्गापुर कोर्ट, हुगली जिले के चुंचुड़ा कोर्ट और मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर कोर्ट में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में पुलिस बल और बम निरोधक दस्ते ने मोर्चा संभालते हुए संबंधित परिसरों को खाली कराया और डाग स्क्वाड की मदद से सघन तलाशी अभियान शुरू किया। काफी देर तक चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई लेकिन अंत में कुछ नहीं निकला। मुख्य सचिव मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान न्यायाधीशों और आम जनता की सुरक्षा का पूरा आश्वासन देते हुए कहा कि न्यायिक कार्य और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लगे न्यायाधीशों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

### बुलंदशहर में कुआं पूजन पर म्यूजिक विवाद

# अनुसूचित जाति और मुस्लिम समाज में मारपीट, 12 गिरफ्तार



**बुलंदशहर, 25 फरवरी [एजेंसी]।**

अनुसूचित जाति एवं मुस्लिम समाज के लोगों के बीच जमकर मारपीट हुई। कुआं पूजन के दौरान बज रहे म्यूजिक सिस्टम को बंद कराने को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए।हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत मुस्लिम पक्ष के 15 लोगों को नामजद करते हुए 64 ग्रामीणों के खिलाफ मारपीट एवं एससी/एसटी एक्ट के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने 12 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गिनौरा शेख निवासी अनुसूचित जाति के आकाश कुमार के यहां सोमवार शाम कुआं पूजन और रात को देवी जागरण का कार्यक्रम था।कुआं पूजन के दौरान स्वजन और रिश्तेदार म्यूजिक सिस्टम पर डांस कर रहे थे।

इसी बीच मुस्लिम पक्ष के लोगों ने नमाज का समय होने का हवाला देते हुए म्यूजिक सिस्टम बंद करने को कहा। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस ने पीड़ित आकाश की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार मलिक ने बताया कि म्यूजिक सिस्टम बंद करने को लेकर दोनों पक्षों में हाथापाई हुई है। गांव में पुलिस बल तैनात करने के साथ गश्त बढ़ा दी है।

# दिल्ली का हाल! अंधेरे में डूबी द्वारका की मुख्य सड़क, राहगीरों की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा



**पश्चिमी दिल्ली, 25 फरवरी [एजेंसी]।**

उप नगरी द्वारका क्षेत्र में सेक्टर-12 से सेक्टर-14 की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पिछले कई दिनों से अंधेरे में डूबी हुई है। सड़क पर लगी स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं, जिससे यह मार्ग राहगीरों के लिए असुरक्षित होता जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व, नशेड़ी और अपराधी यहां बेखौफ घूमते नजर आते हैं, जिससे झपटमारी और लूटपाट जैसी घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ रही है। यह सड़क द्वारका के प्रमुख संपर्क मार्गों में से एक है, जहां दिन के साथ-साथ देर रात तक आवाजाही बनी रहती है। खासतौर पर इस मार्ग पर स्थित एक प्रमुख वेगास शापिंग मॉल के कारण देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है।मॉल में सिनेमा हॉल, रेस्टोरेंट और कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान होने के चलते रात के समय भी यहां युवाओं, परिवारों और नौकरी पेशा लोगों की मौजूदगी रहती है।ऐसे में सड़क पर अंधेरा होना सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर चिंता का विषय बन गया है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों की संख्या में नौकरीपेशा लोग, छात्र, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं। देर रात ऑफिस से लौटने वाले कर्मचारी और मॉल से बाहर निकलने वाली महिलाएं खुद को सबसे ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रही हैं।स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं, लेकिन पर्याप्त रोशनी न होने के कारण हालात और भी भयावह हो जाते हैं।

इस सड़क के आसपास कई बड़े आवासीय परिसर, डीडीडी फ्लैट्स, निजी अपार्टमेंट्स के साथ-साथ बाजार, मेडिकल स्टोर, बैंक शाखाएं, कोचिंग सेंटर और खाने-पीने की दुकानें मौजूद हैं।इसके अलावा यह मार्ग मेट्रो स्टेशन, स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों को भी जोड़ता है, जिससे इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए संबंधित विभागों को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त किया जाए और रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि यह व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग फिर से सुरक्षित बन सके।

## शामली हाईवे पर बेहोश मिले प्रेमी युगल की मौत युवती ने भी तोड़ा दम, युवक की पहले हो चुकी थी मौत

**शामली।** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बेसुध हालत में मिले प्रेमी युगल में से युवक की मौत हो गई थी, जबकि युवती मेरठ मेडिकल कालेज के अस्पताल में वेंटीलेटर पर थी।मंगलवार देर शाम युवती ने भी दम तोड़ दिया। उधर, सोमवार रात ही युवक का पोस्टमार्टम हुआ और मंगलवार सुबह उसके स्वजन शव को ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया।सोमवार देर शाम सात बजे बाबरी क्षेत्र के कैड़ी मार्ग से दिल्ली-देहरादून हाईवे पर गांव हिरणवाड़ा की ओर एक कार में करीब 20 वर्षीय युवक और युवती अचेत अवस्था में थे। राहगीर ने पुलिस को जानकारी दी थी।थाना पुलिस ने दोनों को थानाभवन सीएचसी में भर्ती कराया था, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया था, जबकि युवती को गंभीर हालत के चलते मेरठ मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किया गया था।युवक की पहचान 20 वर्षीय सूर्य निवासी तमेला गढ़ी बागपत और युवती की पहचान 20 वर्षीय स्वाति निवासी धनौरा टीकरी बागपत के रूप में हुई। रात में ही दोनों के स्वजन पहुंच गए थे। बाबरी थानाध्यक्ष राहुल सिसौदिया ने बताया कि रात में ही युवक का पोस्टमार्टम कराया गया था।

## सांसद संजय झा बने भारत-जर्मनी संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष, कई अन्य सांसदों को भी मिली जिम्मेदारी



**पटना।** जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य संजय झा को भारत-जर्मनी संसदीय मैत्री संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार जताया है।वहीं भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी को भारत-स्विटजरलैंड संसदीय मैत्री संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। नवादा के सांसद विवेक ठाकुर भारत-त्रिनिनाद संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष बनाए गए हैं। मनोज तिवारी को सूरीनाम भारत मैत्री संघ का अध्यक्ष बनाया गया है। राजद के राज्यसभा सदस्य प्रेम गुप्ता भारत-केन्या संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष बनाए गए हैं। देवेशचंद्र ठाकुर भारत-इरान संसदीय मैत्री संघ के अध्यक्ष बनाए गए हैं। उपेंद्र कुशवाहा व शांभवी चौधरी को मेक्सिको भारत संसदीय मैत्री संघ का सदस्य बनाया गया है। गोपाल जी ठाकुर को भारत-बाल्टिक संसदीय मैत्री संघ का सदस्य बनाया गया है। वीणा देवी को अल्जीरिया-भारत मैत्री संघ में सदस्य. बनाया गया है। राजद के राज्य सभा सदस्य संजय यादव क्यूबा-भारत संसदीय मैत्री संघ के सदस्य बनाए गए हैं। सांसद प्रदीप कुमार सिंह को ओमान-भारत मैत्री संसदीय संघ का सदस्य बनाया गया है। जदयू सांसद आलोक कुमार सुमन भारत-आस्ट्रिया संसदीय मैत्री संघ का सदस्य बनाया गया है।नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार भारत-सउदिया मैत्री संघ के सदस्य बनाए गए हैं। इजरायल-भारत संसदीय मैत्री संघ का अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद को बनाया गया है। सुनील कुमार को इजरायल वाले संघ में सदस्य के रूप में रखा गया है। अजय मंडल को त्रिनिनाद-टोबैगो वाली कमेटी में सदस्य के रूप में जगह मिली है। संजय झा ने कहा कि ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में भारत और जर्मनी का काफी पुराना संबंध रहा है। प्रसिद्ध जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने भारतीय धर्म ग्ंथों का संस्कृत में गहन अध्ययन करने के पश्चात उन्हें दुनिया से अवगत कराया।

# ट्राइसिटी के अस्पतालों में ESHS घोटाला: इलाज के नाम पर 100 करोड़ से अधिक का फर्जीवाड़ा, सीबीआई ने की छापेमारी

**चंडीगढ़, 25 फरवरी [एजेंसी]।**



केंद्र सरकार ने पूर्व सैनिकों के इलाज के लिए एक्स सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) शुरू की थी। ट्राइसिटी में इस स्कीम में ही 100 करोड़ से अधिक का घोटाला हो गया है।दरअसल, फर्जी तरीके से मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटलों में एडमिट दिखाकर इस स्कीम के तहत मोटे क्लेम लिए गए। न केवल मरीज की एडमिशन फर्जी हुई, बल्कि दवाइयों के बिल और टेस्ट रिपोर्ट भी फर्जी बनाई गई। इस घोटाले में ट्राइसिटी के कई प्राइवेट हॉस्पिटल शामिल है। मंगलवार को सीबीआई ने ट्राइसिटी के विभिन्न प्राइवेट हॉस्पिटलों और सेक्टर 38 में एक धार्मिक स्थल में चल रहे मेडिकल सेंटर में रेड की। ईसीएचएस में फर्जीवाड़े का यह खेल सुनियोजित तरीके से खेल जा रहा है। सेक्टर 38 तथा सेक्टर 15 का एक प्राइवेट हॉस्पिटल इस खेल का केंद्र है। दिल्ली सीबीआई और चंडीगढ़ सीबीआई ऑफिस की टीमों ने सेक्टर 15 में धर्म हॉस्पिटल का रिकॉर्ड खंगाला। देर रात तक सीबीआई की टीम इस हॉस्पिटल में जांच करती रही। इस खेल में प्राइवेट हॉस्पिटल से लेकर, डॉक्टर और प्राइवेट लैब तक शामिल है। यही नहीं शहर की एक प्राइवेट एजेंसी भी इस खेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह एजेंसी हॉस्पिटलों को ईसीएचएस के तहत रजिस्टर्ड मरीज लाकर देती है। चंडीगढ़ के साथ साथ मोहाली और पंचकूला के हॉस्पिटल की इसमें प्रमुख भूमिका है।

मरीज को डॉक्टरों की मिलीभगत से महंगी से महंगी दवा लिखी जाती है। यह दवा खरीदी नहीं जाती सिर्फ फर्जी बिल बनता है।मरीज को गंभीर दिखाने के लिए लैब रिपोर्ट भी फर्जी तैयार की जाती है। मरीज के हॉस्पिटल में एडमिट हुए बिना हफ्ते दो हफ्ते का एडमिशन का बिल बना दिया जाता है। कई मामलों में तो बिना ऑपरेशन के ही मरीज को ऑपरेट हुआ बताकर बिल वसूल लिया गया।

इस खेल में प्राइवेट हॉस्पिटलों के एक दर्जन डॉक्टर शामिल है। मरीजों को अधिकतर चंडीगढ़ और मोहाली के हॉस्पिटल में एडमिट दिखाया जाता है। मरीजों की सिर्फ ओपीडी में बुलाया जाता हैं। वहीं उन्हें हॉस्टल में एडमिट दिखा दिया जाता है।हॉस्पिटलों ने ईसीएचएस स्कीम के तहत फर्जीवाड़े से 5 से 10 लाख रुपए तक के फर्जी बिल तैयार किए है। इनमें फर्जी टेस्ट रिपोर्ट और महंगी दवाइयों का बिल जोड़ दिया जाता है। दर्जनों बिल 2 से 5 लाख रुपए के है।

## कोटा के नहर में मिला मध्य प्रदेश के छात्र का शव, हत्या या आत्महत्या जांच जारी

**जयपुर।** कोटा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे मध्य प्रदेश के एक छात्र का शव नहर में मिला है। छात्र पिछले एक सप्ताह से लापता था। शव कोटा के चंबल नदी से बहकर 50 किलोमीटर दूर अंता क्षेत्र के एक नहर में मिला। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिला निवासी 23 वर्षीय लोकेश दांगी के रूप में हुई है। छह से सात दिन तक पानी में रहने के कारण छात्र का शव क्षत-विक्षत हो गया था। सोमवार दोपहर कुछ लोग नहर किनारे लकड़ी लेने गए थे।इस दौरान उनकी नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंचे स्वजन ने छात्र के कपड़ों व शारीरिक बनावट के आधार पर उसकी पहचान की है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया गया। लोकेश पिछले पांच साल से कोटा में नीट की तैयारी कर रहा था। वह 17 फरवरी को दोपहर हॉस्टल से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद था।इस पर कोटा के बोरखेड़ा थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी।

# पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के बेटे की जमानत में फर्जीवाड़ा उजागर, फर्जी हस्ताक्षर-मुहरों का हुआ इस्तेमाल



**मुजफ्फरनगर।** बसपा के पूर्व विधायक शाहनवाज राना के पुत्र आहद राना की जमानत के मामले में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। सीओ सिटी ने जांच के बाद सिविल लाइंस थाने में अज्ञात आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जमानत तस्दीक में खालापार थाना प्रभारी से लेकर चौकी प्रभारी तक के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। पुलिस अब जमानत तस्दीक कराने वालों की तलाश में लगी है।पांच दिसंबर 2024 को पूर्व सांसद एवं सपा नेता कादिर राना की वहलना चौक स्थित राना स्टील फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की डीजीजीआई टीम ने छापेमारी की थी। यहां पर महिला अधिकारियों से अभद्रता, टीम से मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें पूर्व विधायक शाहनवाज राना समेत नौ लोगों को आरोपित किया था। इसके बाद सिविल लाइंस पुलिस ने पूर्व विधायक शाहनवाज राना को जेल भेजकर उनके विरुद्ध जांच की थी। जेल में बंद रहने के दौरान पूर्व विधायक को मोबाइल पहुंचाने के मामले में उनके पुत्र आहद राना, समधी बिजनौर निवासी बसपा के पूर्व विधायक मोहम्मद गाजी समेत उनके चालक, नौकर को आरोपित किया गया था। आहद को गिरफ्तार किया गया था, जिसकी जमानत मंजूर होने के बाद दो जमानतियों के दस्तावेज 11 नवंबर 2025 को खालापार कोतवाली भेजे गए थे।

जमानत तस्दीक होने के बाद 12 नवंबर 2025 को आहद जेल से छूट गया था। अब जमानत में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापत को शिकायत दी गई थी, जिस पर सीओ सिटी एवं एएसपी सिद्धार्थ के मिश्रा ने जांच की है। इसमें स्पष्ट हुआ कि असली जमानतियों के नकली दस्तावेजों से जमानत तस्दीक कराई गई। जमानत तस्दीक में खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान, चौकी प्रभारी की फर्जी मुहर और हस्ताक्षर कर दिए।दस्तावेज पर चौकी प्रभारी का नाम भी गलत अंकित मिला है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर सीओ सिटी ने सिविल लाइंस थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एसपी सिटी ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों से जमानत तस्दीक कराकर न्यायालय को गुमराह करने का काम किया गया है।



## तापसी पन्नू का ग्लैमर पर तीखा तंज, बोलीं- बॉलीवुड को क्लीवेज चाहिए और साउथ को नाभि

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने हाल ही में हिंदी और साउथ सिनेमा में महिलाओं के चित्रण पर अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा कि दोनों फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमर दिखाने का तरीका अलग-अलग है। तापसी के अनुसार, बॉलीवुड फिल्मों में अक्सर क्लीवेज पर अधिक ध्यान दिया जाता है, जबकि साउथ की फिल्मों में नाभि को दिखाने पर ज्यादा जोर रहता है। उनके इस बयान ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रति नजरिए को लेकर एक चर्चा शुरू कर दी है।

तापसी ने अब तक तेलुगू तमिल, हिंदी और मलयालम सिनेमा में लंबा सफर तय किया है। पिछले कुछ दिनों से वो अपनी नई फिल्म अस्सी को लेकर चर्चा में हैं।

तापसी ने अपने दिल्ली के मध्यम-वर्गीय पालन-पोषण से लेकर फिल्मी सेट के अनुभवों तक कई मुद्दों पर खुलकर बात की।

उन्होंने एक ऐसे विषय पर चर्चा की, जिसे अक्सर पर्दे के पीछे ही रखा जाता है।

जब तापसी से पूछा गया कि भोजपुरी और दक्षिण भारतीय सिनेमा के गानों में नाभि पर इतना ध्यान क्यों दिया जाता है तो उन्होंने कहा, मैं खुद भी इसे समझने की कोशिश कर रही हूं। ऐसा नहीं है कि हिंदी सिनेमा के आइटम गानों में इस पर ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन साउथ सिनेमा जितना नहीं। हिंदी सिनेमा में फोकस क्लीवेज पर ज्यादा रहता है। उन्होंने फिल्मी सेटों पर महिला कलाकारों के प्रति इंडस्ट्री के नजरिए पर खुलकर बात की।

तापसी बोलीं, साउथ में अक्सर अभिनेत्रियों से पैडेड ब्रा पहनने के लिए कहा जाता है। सबसे बड़ी समस्या है कि निर्देशक सेट पर ये बात आखिर कहे किससे? उन्होंने बताया कि ये बात सीधे नहीं कही जाती, बल्कि एक चेन के जरिए पहुंचती है। निर्देशक से असिस्टेंट डायरेक्टर, फिर स्टाइलिंग टीम, फिर हेयर और वार्डरोब वाली महिलाओं के पास और अंत में हीरोइन तक। तापसी ने वो शर्मिंदगी बयां कर कहा, कल्पना कीजिए कि ये कितना अजीब होता होगा।

तापसी ने बताया, आप एक गाना शूट कर रहे हैं, बीच में कोई उठता और चला जाता है। सेट पर मौजूद सबको पता होता है कि क्या हो रहा है। हर कोई देख रहा होता है कि आप लौटें तो क्या अलग दिखेगा। उन्होंने कहा कि महिला कलाकार के लिए ये सिर्फ कपड़े बदलने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक रूप से काफी असहज और अपमानजनक होती है, खासकर जब पूरे सेट को पता हो कि निर्देशक क्या बदलाव चाहता है।

बता दें कि बॉलीवुड में अपनी धाक जमाने से पहले तापसी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी-मानी अभिनेत्री बन चुकी थीं। उनके करियर की नींव किसी छोटे-मोटे रोल से नहीं, बल्कि एक बड़ी शुरुआत से पड़ी थी। उन्होंने साल 2010 में तेलुगू फिल्म झुम्मंडी नादम से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। इस म्यूजिकल ड्रामा में वो मशहूर अभिनेता मनोज मांचू के साथ नजर आई थीं। उन्होंने कई सालों तक तेलुगू, तमिल और मलयालम फिल्मों में मुख्य भूमिकाएं निभाईं।

# आम से बनाए जा सकते हैं ये 5 स्वादिष्ट व्यंजन, एक बार जरूर आजमाएं

गर्मियों का मौसम न केवल आम के लिए बल्कि कई फलों के लिए भी उपयुक्त माना जाता है। इनमें से आम सबसे लोकप्रिय फल है। आम से कई तरह के व्यंजन बनाए जा सकते हैं, जो आपके खाने का स्वाद बढ़ा सकते हैं। आइए आज हम आपको आम से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप सालभर स्टोर करके रख सकते हैं और जब मन करे खा सकते हैं।

**आम की लौंजी**

लौंजी एक पारंपरिक बंगाली व्यंजन है, जिसे आम से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें, फिर एक कढ़ाई में सरसों का तेल गर्म करें और उसमें सरसों के बीज, मेथी के बीज और सूखी लाल मिर्च डालें। अब इसमें कटे हुए आम के टुकड़े डालकर धीमी आंच पर पकाएं जब तक कि वह नरम न हो जाएं। अंत में इसमें गुड़, नमक और हल्दी पाउडर मिलाकर इसे गर्मागर्म परोसें।

**आम का अचार**

अगर आप अचार के शौकीन हैं तो आप आम से भी अचार बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कच्चे आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर उसमें सरसों का तेल, सरसों के बीज, मेथी के बीज, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण को धूप में कुछ दिनों तक रखें ताकि मसाले अच्छे से मिल जाएं। आपका आम का अचार तैयार है, जिसे आप लंबे समय तक स्टोर कर सकते हैं।

**आम का खीर**

खीर दक्षिण भारत की एक प्रसिद्ध मिठाई है, जिसे आप आम से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले चावल को पानी में भिगोकर उसे पीस लें, फिर दूध उबालें और उसमें पीसे हुए चावल डालें। अब इसमें चीनी, इलायची पाउडर और कटे हुए सूखे मेवे मिलाएं। अंत में इसमें पके हुए आम का गूदा मिलाएं और इसे कुछ देर पकने दें ताकि सभी सामग्री अच्छे से मिल जाएं। आपकी आम की खीर तैयार है।

**आम की चटनी**

चटनी किसी भी भोजन का स्वाद बढ़ाने में मदद करती है, ऐसे में आम की चटनी क्यों नहीं बनाई जा सकती? इसके लिए सबसे पहले आम को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें, फिर एक पैन में सरसों का तेल गर्म करें और उसमें जीरा भूनें। अब इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और भूनें। इसके बाद इसमें कटे हुए आम के टुकड़े डालें और नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। अंत में इसमें गुड़ मिलाकर इसे ठंडा करें।

**आम की कुल्फी**

गर्मियों में ठंडक पाने के लिए कुल्फी सबसे अच्छा विकल्प है। इसके लिए सबसे पहले दूध उबालें और उसमें चीनी मिलाएं। अब इसमें आम का गूदा मिलाएं और इसे ठंडा होने दें। जब मिश्रण



ठंडा हो जाए तो उसे कुल्फी मोल्ड्स में भरें और फ्रीजर में जमने दें। आपकी आम की कुल्फी तैयार हो जाएगी। इन सभी व्यंजनों को बनाना आसान है और ये सभी स्वादिष्ट भी हैं।

# हर महिला के पास होने चाहिए उलटने वाले शॉल, देते हैं बेहद स्टाइलिश लुक

फैशन की दुनिया में आए दिन नए-नए चलन आते रहते हैं। इनमें से कुछ लंबे समय तक चलते हैं, जबकि कुछ जल्दी गायब हो जाते हैं। उलटने वाले शॉल एक ऐसा नया चलन है, जो न केवल फैशनेबल है, बल्कि बहुत ही आरामदायक भी है। यह ट्रेंड आने वाले कई सालों तक महिलाओं के फैशन में देखने को मिलेगा। आज के फैशन टिप्स में हम उलटने वाले शॉल के बारे में जानेंगे और इसे स्टाइल करने के तरीके भी समझेंगे।

उलटने वाले शॉल एक नए प्रकार के शॉल होते है, जिन्हें दोनों तरफ से पहना जा सकता है। इसका मतलब है कि आप इस एक ही शॉल को 2 अलग-अलग तरीकों से पहन सकते हैं। इससे न केवल आपकी अलमारी में जगह बचती है, बल्कि आप एक ही शॉल से अलग-अलग लुक भी पा सकती हैं। ये शॉल कई रंगों और डिजाइन में उपलब्ध रहते हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकते हैं। उलटने वाले शॉल कई कारणों से लोकप्रिय होते जा रहे हैं। सबसे पहला कारण यह है कि ये बहुत ही आरामदायक होते हैं। ठंडे मौसम में इनका उपयोग करना आपको गर्माहट दे सकता है। दूसरा कारण यह है कि इनका डिजाइन बहुत ही आकर्षक होता है, जो आपके पूरे लुक को खास बना सकता है। तीसरा कारण यह है कि इन्हें दोनों तरफ से पहना जा सकता है, जिससे आप एक ही शॉल को कई बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

कैसे करें स्टाइल?

उलटने वाले शॉल को स्टाइल करना बहुत ही आसान है। आप इसे साड़ी या सलवार-कमीज जैसी किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा आप इसे जींस और टी-शर्ट के साथ भी पहन सकती हैं, जिससे आपका रोजमर्रा का लुक भी खास लगेगा। अगर आप किसी पार्टी में जा रही हैं तो इसे लहंगा या अनारकली सूट के साथ भी पहना जा सकता है। पुरुष भी इसे पारंपरिक कपड़ों के साथ पहन सकते हैं।

कहां से खरीदें?

उलटने वाले शॉल अब बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। आप इन्हें ऑनलाइन खरीद सकती हैं या किसी स्थानीय बाजार से भी ले सकती हैं। जब आप इन्हें खरीदें तो इनके कपड़े की गुणवत्ता पर ध्यान दें, ताकि ये लंबे समय तक टिक सकें। इसके अलावा रंग और डिजाइन का चयन करते समय अपनी पसंद और जरूरतों का ध्यान रखें, ताकि आप सही चुनाव कर सकें। दाम का भी ख्याल रखें और अपने बजट के मुताबिक इसे खरीदें।

कैसे करें देखभाल?

उलटने वाले शॉल की देखभाल करना बहुत आसान होता है। इन्हें धोते समय हल्के साबुन उपयोग करें और धूप में सुखाने से पहले इन्हें पलटकर टांगें, ताकि दोनों तरफ की सफाई हो सके। इस प्रकार उलटने वाला शॉल न केवल आरामदायक, बल्कि स्टाइलिश भी है। इसे अपनी अलमारी में शामिल करके आप हर मौके पर अलग-अलग लुक पा सकती हैं। चाहे वह कोई त्योहार हो या कोई पार्टी, इस शॉल के साथ आप हमेशा खास दिखेंगी।



## तृप्ति डिमरी को इन फिल्मों ने दिलाई शोहरत एक तो कमाई में 500 करोड़ के पार

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अब किसी पहचान की मोहताज नहीं रही हैं। अपने करियर में उन्होंने सार्थक और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं को निभाकर भारतीय सिनेमा में प्रभावशाली अदाकारा के रूप में खास पहचान बना ली है। रोमांटिक-ड्रामा और साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्मों के जरिए तृप्ति ने हमेशा अपने फैंस का दिल जीता। हालिया रिलीज शाहिद कपूर की ओ रोमियो में अभिनेत्री के अभिनय की तारीफ हो रही है।

तृप्ति ने पहली बार 2018 में फिल्म लैला-मजनू से चर्चाएं बटोरी थीं। अविनाश तिवारी के साथ उनकी जोड़ी को न सिर्फ सराहा गया था, बल्कि उनके भावपूर्ण और गहन अभिनय की समीक्षकों ने खूब तारीफ भी की थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास साबित नहीं हुई, लेकिन बाद में इसे कल्ट फिल्म का दर्जा मिला था। नेटफ्लिक्स पर रिलीज बुलबुल साइकोलॉजिकल-थ्रिलर फिल्म है जिसमें तृप्ति के शानदार अभिनय की खूब सराहना हुई थी। उन्हें फिल्मफेयर ओटीटी पुरस्कार मिला था।

बाबिल खान के साथ उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर आई एक क्लासिकल-म्यूजिक फिल्म थी। मां-बेटी के जटिल रिश्ते पर आधारित इस फिल्म में उनका चुनौतीपूर्ण किरदार काबिल-ए-तारीफ था। फिल्म के गाने भी बेहद लोकप्रिय हुए। हॉरर-कॉमेडी फ्रैंचाइजी भूल भुलैया 3 का हिस्सा तृप्ति रहीं जिसमें उनके साथ कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में थे। फिल्म में अभिनेत्री ने दोहरी भूमिका निभाई थी। जहां वर्तमान में वह राजकुमारी मीरा के किरदार में दिखीं, तो वहीं अतीत में वह राजकुमारी मधुलिका थीं। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल में तृप्ति ने छोटी, लेकिन प्रभावशाली भूमिका निभाई थी। सीमित स्क्रीन टाइम के बावजूद, उनकी उपस्थिति ने खूब चर्चा बटोरी थी। उनका किरदार सिनेमा में उनकी प्रतिष्ठा और फैंस की तादात को बढ़ाने में कारगर साबित रहा था। 2023 में रिलीज यह उस साल की सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई जिसने भारत में 500 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया। तृप्ति को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर नामांकन भी मिला था।



## सू- दोकू क्र.326

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## शब्द सामर्थ्य -326

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 325 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## आस्था की महागाथा लेकर आ रहे संजय लीला भंसाली

संजय लीला भंसाली ने ऑफिशियली अपने अगले बड़े वेंचर जय सोमनाथ की घोषणा की है, जो 2027 में दुनिया भर में थिएटर में रिलीज होगी। फिल्ममेकर ने इस प्रोजेक्ट के बारे में एक खास लाइन के साथ फिल्म को लेकर अपडेट दी, जिसमें लिखा था कि मंदिर तोड़ा जा सकता है, आस्था नहीं यह फिल्म एक इमोशनल हिस्टोरिकल ड्रामा की ओर इशारा करती है। भंसाली ने नए प्रोजेक्ट का टाइटल बताया और बताया कि जय सोमनाथ को केतन मेहता डायरेक्ट करेंगे, जो कल्चर से जुड़े सिनेमा को सपोर्ट करने के लिए जाने जाते हैं। टाइटल से पौराणिक और ऐतिहासिक बातें पता चलती हैं, जो भगवान शिव से जुड़ी हैं। भंसाली प्रोडक्शंस के सपोर्ट से और खुद भंसाली द्वारा प्रेजेंट की गई जय सोमनाथ को केतन मेहता डायरेक्ट करेंगे, जो दो फिल्ममेकर्स के बीच एक बड़ा कोलेबोरेशन है जो अपने स्केल और कहानी कहने की गहराई के लिए जाने जाते हैं।

# बचरापोड़ी चौकी प्रभारी 25 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने बचरापोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी अब्दुल मुनाफ को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद जिले के पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और आमजन के बीच भी घटना को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक शिकायतकर्ता ने ACB से संपर्क कर आरोप लगाया था कि चौकी प्रभारी द्वारा एक प्रकरण में अनुकूल कार्रवाई करने के एवज में 25 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत मिलने के बाद ACB ने प्रारंभिक सत्यापन किया, जिसमें आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। निर्धारित योजना के अनुसार, जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि स्वीकार की,ACB की टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान आवश्यक साक्ष्य भी संकलित किए गए, ताकि मामले को न्यायालय में मजबूती से प्रस्तुत किया जा सके।ACB अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। साथ ही उसके निवास एवं अन्य संबंधित स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई भी की जा रही है। इस घटना ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि कानून के रक्षक ही नियमों का उल्लंघन करें तो व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होता है। वहीं कई लोगों ने ACB की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में सख्त संदेश बताया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# कोरिया में बच्चों में गैर-संचारी रोग विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

**कोरिया।** जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया (रजि.), एमसीबी जिला प्रेस क्लब (रजि.), जिला प्रशासन कोरिया तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय कोरिया में 'बच्चों में गैर-संचारी रोग—उपाय एवं जागरूकता' विषय पर एक महत्वपूर्ण विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य प्रदेश में बढ़ती गैर-संचारी बीमारियों के प्रति समाज, अभिभावकों, स्वास्थ्यकर्मियों और जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना तथा ठोस समाधान की दिशा में सामूहिक पहल को बढ़ावा देना है।



आज छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में गैर-संचारी रोग एक नई और गंभीर स्वास्थ्य चुनौती के रूप में उभर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों में बाल हृदय रोग, बाल मधुमेह, सिकल सेल एनीमिया तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष लगभग 4.3 करोड़ तथा भारत में करीब 58 लाख लोगों की मृत्यु गैर-संचारी रोगों के कारण होती है। इन बीमारियों का उपचार लंबा और महंगा होता है, जिससे प्रभावित परिवारों पर गंभीर आर्थिक एवं मानसिक दबाव पड़ता है। छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल राज्य है, जहां अनेक क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम हैं। ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच एक बड़ी चुनौती है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ अब गैर-संचारी रोग और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे भी तेजी से उभर रहे हैं। राज्य में लगभग 40 हजार लोग सिकल सेल रोग से प्रभावित बताए जाते हैं, जबकि करीब 3 लाख लोग इसके प्रसार वाहक हैं। यह स्थिति विशेष चिंता का विषय है और समय रहते व्यापक जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान की आवश्यकता को दर्शाती है। संगोष्ठी में स्वास्थ्य विशेषज्ञ, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार तथा प्रशासनिक अधिकारी अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान, नियमित जांच, संतुलित आहार, शारीरिक सक्रियता, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान तथा जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव जैसे उपायों पर रहेगा। वक्ताओं द्वारा यह भी रेखांकित किया जाएगा कि व्यवहार परिवर्तन—जैसे तंबाकू से दूरी, पौष्टिक भोजन, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन—इन रोगों की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं। आयोजकों ने विशेष प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और मीडिया कर्मियों से आग्रह किया है कि वे इस संगोष्ठी में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने विचार प्रस्तुत करें। उनका मानना है कि मीडिया की सकारात्मक भूमिका से जनसामान्य तक सही और वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाई जा सकती है, जिससे समाज में जागरूकता का व्यापक वातावरण तैयार होगा। यह विचार संगोष्ठी केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी की दिशा में एक सार्थक पहल है। सभी संबंधित पक्षों के समन्वित प्रयासों से ही राज्य में बच्चों के स्वास्थ्य की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है और गैर-संचारी रोगों की बढ़ती चुनौती का प्रभावी सामना किया जा सकता है।

**जिले के प्रत्येक ग्राम तक तथ्यात्मक जनसंवाद के लिए लगातार हो रहे हैं कार्यक्रम**

# वीबी जीरामजी की प्रत्येक विशेषताओं और व्यापक हितलाभ के लिए आईइसी गतिविधि जारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी के तहत आने वाले समय में पंजीकृत श्रमिकों को मिलने वाले प्रत्येक हितलाभ के संबध में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार वीबी जीरामजी योजनांतर्गत लागू वैधानिक प्रावधानों और प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक के अधिकारों की विस्तृत जानकारी देने के लिए पूरे जिले में गत 26 जनवरी से अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना शिक्षा संचार के तहत इसकी निर्धारित रूपरेखा अनुसार प्रत्येक सप्ताह अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विदित हों कि राज्य कार्यालय द्वारा आगामी 8 मार्च तक हर सप्ताह आईईसी गतिविधियों के विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।




जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी के प्रति प्रत्येक व्यक्ति तक सूचना शिक्षा और संचार ले जाने के उद्देश्य को लेकर लगातार छ सप्ताह तक आईइसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गत 26 जनवरी से पहले सप्ताह का आयोजन आरंभ कर हर सप्ताह पृथक गतिविधियों को आयोजित कर संवाद किया जा रहा है। लगातार छ सप्ताह यानी आगामी मार्च माह के पहले सप्ताह तक निरंतर आईइसी गतिविधियों का आयोजन कर जन-जन तक वीबी जीरामजी के तथ्यात्मक पहलुओं से प्रत्येक भ्रम दूर करते हुए श्रमिकों को मिलने वाले लाभ स्पष्ट तरीके से बताए जाएंगे। आईइसी गतिविधियों के दूसरे सप्ताह से पूरे जिले में सामूहिक संकल्प की गतिविधियों को आयोजित किया गया तथा इसके तहत सभी जगहों पर श्रमिकों को 125 दिवस के सुनिश्चित रोजगार की अधिकारिता से अवगत कराया गया। जिससे प्रत्येक श्रमिक इस योजना से खुद को जोड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हो सकेंगे। इससे योजना के प्रति सामूहिक प्रगाढ़ता का सकारात्मक वातावरण निर्माण हो सकेगा। ग्राम पंचायतों में आयोजित अधिकार सरंक्षण संकल्प दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण हेतु जीरामजी में निष्ठापूर्वक सहभागिता का संकल्प दोहराया। आईइसी गतिविधियों के तीसरे सप्ताह में विकसित भारत के लिए की लागू की जा रही इस योजना में पूरे जिले की ग्राम पंचायतों की भूमिका पर प्रत्येक चौपाल, ग्राम सभा, जनसभाओं में सरल संवाद किया गया। इसमें काम की अधिकारिता, सीधे डीबीटी से भुगतान, बेरोजगारी भत्ते जैसे प्रावधानों पर बात कर उपस्थित ग्रामीणों और श्रमिकों को वीबीजीरामजी के तहत अवगत कराया गया कि 125 दिन का रोजगार अब उनका अधिकार बन गया है। आईइसी गतिविधियों के तारतम्य में इस सप्ताह में वीबी जीरामजी योजना के तहत होने वाले विकास कार्यो, योजना की प्रमुखताओं , ग्रामीण श्रमिकों के हितों के संरक्षण, उनके श्रम की राशि के त्वरित भुगतान, पारदर्शिता से विकास कार्यों में सहभागिता के बारे में पंचायत राज पदाधिकारियों से संवाद किया जाएगा। यह संवाद पंचायत राज व्यवस्था के तीनो स्तरों यानी ग्राम, जनपद और जिला पंचायत स्तर पर चयनित प्रतिनिधियों से होगा।

## ई-ऑफिस टीम ने दिया विस्तृत प्रशिक्षण

**कोरिया।** जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन एवं विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के सुचारू उपयोग के उद्देश्य से रायपुर से आई ई-ऑफिस टीम द्वारा कलेक्टरेट सभाकक्ष, बैकुंठपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में टीम के सदस्य निखिल साहू एवं विनोद देवांगन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली, इस्पारो पोर्टल, आई.पी.आर. एवं अचल संपत्ति विवरण तथा ई-एचआरएमएस 2.0 पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल जैसे अवकाश, उच्च शिक्षा, सर्विस बुक एवं फॉरेन विजिट संबंधी प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, प्रोफाइल अपडेट करने की विधि एवं नोडल आईडी प्राप्त करने की आवश्यक प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम को दो सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में जिले के विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जबकि द्वितीय सत्र में जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लेकर पोर्टलों के उपयोग एवं संचालन की बारीकियों को समझा।

# अहिंसा से अधिकार तक थीम पर विद्यालयीन बच्चों ने दिखाया हुनर

**वीबी जीरामजी की आईइसी गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में हुए आयोजन**



**कोरिया बैकुंठपुर।** विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए तरह तरह की सूचना शिक्षा संचार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यालयों में भी आईइसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आने वाले समय में पंजीकृत श्रमिकों को मिलने वाले प्रत्येक हितलाभ के संबध में व्यापक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबी जीरामजी के प्रति प्रत्येक व्यक्ति तक सूचना शिक्षा और संचार ले जाने के उद्देश्य को लेकर लगातार छ सप्ताह तक आईइसी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गत 26 जनवरी से आरंभ कर हर सप्ताह पृथक गतिविधियों को आयोजित कर संवाद किया जा रहा है। लगातार छ सप्ताह यानी आगामी मार्च माह के पहले सप्ताह तक निरंतर आईइसी गतिविधियों का आयोजन कर जन-जन तक वीबी जीरामजी के तथ्यात्मक पहलुओं से प्रत्येक भ्रम दूर करते हुए श्रमिकों को मिलने वाले लाभ स्पष्ट तरीके से बताए जाएंगे। आईइसी गतिविधियों के तारतम्य में वीबी जीरामजी योजना के तहत होने वाले विकास कार्यो, योजना की प्रमुखताओं से सभी को अवगत कराने के उददेश्य को लेकर विद्यालयों में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अकलासरई के हाईस्कूल में बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इनमें अहिंसा से अधिकार तक थीम पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को रंग दिए। साथ ही महात्मा गांधी सहित अन्य महापुरूषों के योगदान को याद करते हुए निबंध लेखन का आयोजन किया गया तथा बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता का अयोजन कर उन्हे नमन किया गया।

## डॉ. भुवन भास्कर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त, कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर

**कोरिया।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने और चिकित्सा क्षेत्र में पार्टी की पहुंच को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डॉ. भुवन भास्कर साहू को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की सहमति से हुई इस नियुक्ति का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना और आम जनमानस तक सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। डॉ. साहू की नियुक्ति पर पार्टी नेताओं का मानना है कि उनके अनुभव और कार्यकुशलता से चिकित्सा प्रकोष्ठ को एक नई दिशा मिलेगी। स्वास्थ्य योजनाओं का क्रियान्वयन: केंद्र और राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं (जैसे आयुष्मान भारत) को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना। चिकित्सकों का संगठन: जिले के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर: ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में नियमित चिकित्सा शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करना। डॉ. भुवन भास्कर साहू के मनोनयन की खबर मिलते ही समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। मेरा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं को राजनीति के माध्यम से सेवा का माध्यम बनाना है ताकि जिले का हर नागरिक स्वस्थ और सुरक्षित महसूस करे।

## भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के जिला संयोजक बने डॉ. गुप्ता

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के जिला संयोजक पद की घोषणा कर दी गई है। इस घोषणा के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी डॉ. राकेश गुप्ता को लगातार दूसरी बार बलरामपुर रामानुजगंज जिला संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा उन पर पुन: विश्वास जताए जाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। डॉ. राकेश गुप्ता सामाजिक और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान उन्होंने चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों तथा जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने जैसे कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यों की सराहना संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा समय-समय पर की जाती रही है। उनकी पुनर्नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों और शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त हो गया। अनेक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में चिकित्सा प्रकोष्ठ और अधिक सक्रियता के साथ कार्य करेगा। इस अवसर पर डॉ. गुप्ता ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर दोबारा जताया है, वह उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पहले कार्यकाल में जिस प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने दायित्वों का निर्वहन किया, उसी समर्पण भाव से वे दूसरे कार्यकाल में भी कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

# हर मौसम में सुरक्षित पक्की छत से बढ़ा श्रमिक अर्जुन का आत्मविश्वास

**कोरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वंचित वर्ग के हितग्राहियों के पक्के मकान का सपना पूरा करने वाली आवास योजना से लाभार्थियों के जीवन में बदलाव का क्रम निरंतर जारी है। ऐसे गरीब ग्रामीण जिन्हे पक्के मकान बनाने का सामर्थ्य नहीं था वह भी योजना से लाभ लेकर अब सम्मानपूर्वक जीवन जीने लगे हैं। ऐसी ही एक कहानी है कोरिया जिले के ग्राम पंचायत उमझर निवासी अर्जुन की, जिन्होने किसान मजदूर के तौर पर अपने कठिन जीवन में कभी नहीं सोचा था कि वह कभी पक्के मकान में रह पाएंगे लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनका जीवन बदल दिया है।

जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर की ग्राम पंचायत उमझर निवासी अर्जुन पिता सुखदेव का जीवन कभी कठिन परिस्थितियों से घिरा हुआ था। एक साधारण किसान मजदूर के रूप में उनकी रोज़ की कमाई ही परिवार के भरण-पोषण का आधार थी। सीमित आय और बढ़ती जिम्मेदारियों के बीच उनका जीवन संघर्षों से भरा था। उनका कच्चा मकान समय के साथ जर्जर हो चुका था। बरसात के मौसम में दीवारों से पानी रिसता, छत टपकती और हर पल घर गिरने का डर बना रहता। हर वर्ष मरम्मत पर खर्च होने वाली राशि उनकी छोटी-सी बचत को समाप्त कर देती थी। ऐसे में भविष्य के सपने अधूरे ही रह जाते थे।

हितग्राही अर्जुन के जीवन में को गत वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से एक बेहद सकारात्मक परिवर्तन आया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए एक लाख बीस हजार रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में सीधे बैंक खाते में प्राप्त हुई। इसमें अपनी कमाई के कुछ पैसे लगाकर इस परिवार ने अपने वर्षों के सपने को साकार कर एक पक्का आवास बना लिया। मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने निर्धारित समय में अपने नए घर का निर्माण पूर्ण किया। मजबूत दीवारें, सुरक्षित छत और व्यवस्थित कमरों वाला यह घर अब उनके आत्मविश्वास का आधार बन चुका है। अब उनकी हर रात सुकून से कट रही है।

इसके साथ ही उन्हे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत 90 दिवस की मजदूरी और स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हो जाने से उनके जीवन में सुरक्षा, स्वच्छता और सम्मान तीनों सुनिश्चित किए। आज अर्जुन और उनका परिवार सुरक्षित पक्के घर में सुकून की जिंदगी जी रहा है। बारिश अब भय का कारण नहीं रही। उनके चेहरे पर संतोष और आत्मविश्वास की मुस्कान साफझलकती है। वे कहते हैं कि यह सहायता उनके लिए जीवन बदलने वाला अवसर साबित हुई। अब वे अपने गांव के अन्य पात्र परिवारों को भी जल्द आवास निर्माण हेतु जागरूक कर रहे हैं, ताकि हर जरूरतमंद को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिल सके।

## पति ने दोस्तों के साथ मिलकर की थी पत्नी की हत्या

**राजनांदगांव।** ग्राम भैंसरा स्थित बाबा आम बगीचा में मिली महिला की लाश के मामले को पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाया लिया है।

मृतका का पति के चरित्र पर संदेह करता था जिसके चलते उसने अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर हत्या की थी और पत्थर से महिला के सिर को कुचलकर पहचान छिपाने की कोशिश की थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भैंसरा, बाबा आम बगीचा में नदी के पास एक अज्ञात महिला उम्र लगभग 35-40 वर्ष की किसी अज्ञात आरोपी द्वारा पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर थाना डोंगरगढ़ में धारा 103 (1) 61 (2), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का स्वागत, लेकिन पेंशनरों को वंचित रखना अन्याय

**रायपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ कर्मचारी नेता वीरेन्द्र नामदेव ने राज्य विधानसभा में आज पेश किए गए आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के आम बजट पर अपनी त्वरित प्रतिक्रिया दी है । उन्होंने इस बजट को छत्तीसगढ़ सरकार के लाखों पेंशनरों के लिए बेहद निराशाजनक बताया है । श्री नामदेव ने यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी के बजट भाषण में पेंशनरों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्पष्टता का अभाव रहा, जिससे वरिष्ठ नागरिकों के इस वर्ग में निराशा व्याप्त है। प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि पेंशन भुगतान का डिजिटलीकरण नहीं होने से अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। आठ माह के प्रयासों के बाद इसे पूर्ण रूप से डिजिटलीकृत किया गया है। इस प्रक्रिया में यह तथ्य सामने आया कि छत्तीसगढ़ सरकार को मध्यप्रदेश सरकार से लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होना है, जो भविष्य में मिलने पर पेंशन भार में कमी लाएगी। इस पर श्री नामदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के पेंशनरों की यह राशि वर्ष 2018-19 से आज तक मध्य प्रदेश में लंबित है । राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के प्रावधान के तहत यह छत्तीसगढ़ को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से मिलनी चाहिए थी, जो नहीं मिली। नामदेव ने प्रश्न उठाया कि छत्तीसगढ़ के पेंशनरों की दस हजार करोड़ की इतनी बड़ी राशि की लेनदारी वर्षों तक मध्यप्रदेश में लंबित क्यों और कैसे रही? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह राशि छत्तीसगढ़ सरकार को कब और किस प्रक्रिया से प्राप्त होगी? इन महत्वपूर्ण प्रश्नों पर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी आज के बजट भाषण में नहीं दी गई, जिससे पेंशनरों में निराशा व्याप्त है। बढ़ती महंगाई के इस कठिन समय में राज्य के पेंशनरों को उम्मीद थी कि उन्हें केन्द्र के समान तीन प्रतिशत महंगाई राहत जुलाई 2025 से एरियर्स सहित मिलेगी, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार के आज पेश हुए बजट से उन्हें इसमें भी निराश होना पड़ा है। श्री नामदेव ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में राज्य सरकार द्वारा शासकीय सेवकों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने तथा इसके लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किए जाने की घोषणा स्वागत योग्य तो है।

## राज्यपाल ने निरामय आरोग्य संस्थान को सौंपी एम्बुलेंस की चाबी

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में निरामय आरोग्य संस्थान रायपुर को एम्बुलेंस प्रदान किए। उन्होंने लोकभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से एम्बुलेंस की चाबी सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इन वाहन का उपयोग निरामय आरोग्य संस्थान में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पुर्णेन्द्रु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संत रविदास समाज ने राज्यसभा प्रत्याशी बनाने की मांग कांग्रेस भाजपा से की

**रायपुर।** राज्यसभा में रविदास समाज अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व देने की मांग श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ छग ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं कांग्रेस के प्रदेशध्यक्ष दीपक बैज से लिखित पत्र भेजकर की है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में शिरोमणि रविदास विश्व महापीठ छग के प्रदेश प्रवक्ता बुद्धेश्वर कुमार सोनवानी ने देते हुए बताया कि पिछले 26 वर्षों से समाज का एक भी व्यक्ति लोक सभा विधान सभा एवं राज्य सभा में प्रत्याशी नहीं बन पाया है। समाज की मांग है कि राज्यसभा के लिए संत रविदास समाज द्वारा पांच छह चयनित नामों से किसी एक नाम पर योग्यता के आधार पर विचार कर उसे प्रत्याशी बनाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आरक्षित दस विस व एक लोकसभा सीट में समाज का व्यक्ति प्रतिनिधित्व नहीं पा सका है। प्रदेश में सर्वाधिक आबादी होने के बाद भी अब तक प्रतिनिधित्व नहीं मिलना दुर्भाग्यजनक है।

## चौथी बटालियन परिसर में जवान ने की आत्महत्या, सुरक्षा महकमे में हड़कंप

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां माना स्थित चौथी बटालियन परिसर में पदस्थ एक जवान ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद सुरक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है। मृतक जवान की पहचान एन. आर. अर्जुन इक्का के रूप में हुई है, जो चौथी बटालियन में पदस्थ थे। बताया जा रहा है कि वे मूलत: जशपुर जिले के निवासी थे। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी और माना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## लखपति दीदी भ्रमण योजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान स्वागतेय:लता उसेण्डी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक सुश्री लता उसेंडी ने प्रदेश सरकार के बजट को महिला हितैषी एवं सर्वसमावेशी बताते हुए कहा कि सरकार ने इस वर्ष को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में प्रदेश की लखपति दीदीयों को, सफल महिला उद्यमियों की कार्य प्रणाली तथा उनके सफल व्यवसाय मॉडल का अध्ययन करने हेतु लखपति दीदी भ्रमण योजना में 5 करोड का बजट प्रावधान किया गया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों में निरंतरता रखते हुए इस बजट में महिलाओं के नाम पर भूमि, भवन, अचल सम्पत्ति क्रय पर भारित पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## एक्ट्रेस दीक्षा रौनक बढ़ाएंगी दीपका में रंग उत्सव की



**कोरबा।** दीपका में फागुनी उत्सव का आयोजन 1 मार्च को किया जा रहा है। यह दूसरा वर्ष होगा। मातृछाया आजाद चौक दीपका में हो रहा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा है।आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। समिति के प्रमुख आयुष साहू ने बताया कि यह रंग उत्सव आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल आकर्षण होंगी जो अपनी पूरी टीम के साथ मंच पर रहेंगी। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर काफी उत्सुकता है। भीड़ को नियंत्रित करने एवं कार्यक्रम में शांति सुरक्षा का काम बाउंसर देखेंगे। रविवार सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस रंगारंग आयोजन में फागुन के गीत संगीत कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

# विश्व की टॉप कोल माइंस में शुमार होगा एसईसीएल गेवरा

### प्रबंधन ने शुरू की तैयारी



**कोरबा।** जिले का मेगा गेवरा खदान विश्व की टॉप कोल माइंस में शामिल होने जा रहा है। कोल इंडिया की मिनीरत्न कंपनी एसईसीएल ने नए वित्त वर्ष से इसकी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 70 मिलियन टन करने की तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नए वित्तीय वर्ष में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा खदान नया इतिहास लिख सकती है। माइंस के उत्पादन का आंकड़ा 63 मिलियन टन पर पहुंच जाएगा, जो दुनिया में सबसे अधिक होगा।

एसईसीएल प्रबंधन इसकी तैयारी में है कि 2026- 27 में गेवरा खदान का उत्पादन 63 मिलियन टन तक पहुंच सके। चालू वित्तीय वर्ष में गेवरा खदान का उत्पादन लक्ष्य 63 मिलियन टन है, लेकिन खदान अपने उत्पादन लक्ष्य से पिछे चल रही है। माना जा रहा है कि मार्च अंत तक उत्पादन का आंकड़ा 56 मिलियन टन तक ही पहुंच सकेगा। 2024-25 में भी 63 मिलियन टन के टारगेट के मुकाबले 56 मिलियन टन उत्पादन दर्ज हुआ था। इसके पहले 2023- 24 में गेवरा खदान ने 59.11 मिलियन टन के कोयला उत्पादन को छुआ था। 2026- 27 में गेवरा का उत्पादन 63 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचता है तो यह खदान पूरे विश्व में टॉप पर आ जाएगी।

प्रबंधन के अनुसार गेवरा को दुनिया नम्बर एक खदान बनाने के लिए कंपनी के पास सभी जरूरी रिसोर्स जमीन, मशीनरी, मैनपावर और कस्टमर मौजूद है। वर्तमान में यूएस की ब्लैक थंडर माइंस दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान है, जिसका उत्पादन 61- 62 मिलियन टन है। एसईसीएल की गेवरा खदान की क्षमता बढ़ाकर 70 मिलियन टन सालाना करने की है। इसके लिए पहले ही एनवायरनमेंटल क्लियरेंस मिल चुका है।

## प्रबंधन से मिला प्रतिनिधि मंडल

**कोरबा।** कल एसईसीएल केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में जेसीसी सदस्यों ने प्रबंधन से मुलाकात करते हुए संडे ड्यूटी के लिए दबाव बनाया। इनका कहना है कि संडे ड्यूटी देने से पहले इसकी घोषणा होनी चाहिए ताकि कोयला कामगार संडे को ड्यूटी कर सके। कई बार संडे ड्यूटी के संबंध में एक दिन पहले जानकारी मिलती है, इसके चलते कोयला कामगार को सही समय पर जानकारी नहीं मिलने के कारण वे अन्य कार्यक्रम में व्यस्त हो जाते हैं। प्रतिनिधि मंडल में शामिल दिलीप सिंह, राजेश पांडेय, राजेंद्र यादव, एनके साव, संतोष टंडन, दूजराम मिलन ने कहा कि संडे ड्यूटी की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए और अधिक बजट लाने का कार्य होना चाहिए।

## भाजपाईयों ने सफाई अभियान चलाया

**कोरबा।** पिछले दिनों भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सरजू अजय व राजेश लहरे जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मानिकपुर मुक्तिधाम की साफ-सफाई की गई। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। पोड़ीबहार तालाब की भी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा साफ-सफाई किया गया।

### आरडीएसएस में गड़बड़ी

## बिजली विभाग के ईई नपे

**कोरबा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम' (आरडीएसएस) के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर बिजली विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। कोरबा जिले में योजना की मॉनिटरिंग में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता (ईई) जितेंद्र कुमार सिंह (परियोजना) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।विभागीय मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 110 करोड़ रुपये की इस वृहद परियोजना में तकनीकी मानकों की जमकर अनदेखी की गई। निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, कई स्थानों पर बिजली के खंभे झुके हुए पाए, एरियल बंच केबल बिछाने और जोड़ने की प्रक्रिया में नियमों का पालन नहीं किया गया, विभाग की मॉनिटरिंग रिपोर्ट और जमीनी हकीकत में भारी विसंगति मिली। केबल काटने और इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया में भी लापरवाही उजागर हुई।निलंबन की अवधि के दौरान जितेंद्र कुमार सिंह का मुख्यालय अंबिकापुर कार्यालय निर्धारित किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह केवल प्रारंभिक कार्रवाई है; विस्तृत जांच जारी है और रिपोर्ट के आधार पर अन्य संबंधितों पर भी गाज गिर सकती है।

## हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा ने की समीक्षा

**कोरबा।** पिछले दिनों कोल इंडिया में हुए राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर गेवरा एरिया में जेसीसी सदस्यों की बैठक हुई। इस बैठक में कन्वेंशन को लेकर भी विचार किया गया। हड़ताल को सफल बनाने के लिए चार श्रमिक संगठनों ने गेवरा में कन्वेंशन कराया था जिसमें बड़े-बड़े नेता गेवरा आए हुए थे। हड़ताल को सफल बनाने के लिए संयुक्त मोर्चा ने सबको अलग-अलग जिम्मेदारी दी थी। इसके अलावा नेताओं के सम्मान के लिए भी अलग-अलग कार्य सौंपे गए थे। कल केएसएस कार्यालय में रेशमलाल यादव, एसडी मानिकपुरी, डीके मिश्रा, दीपक उपाध्याय सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि कन्वेंशन में नाथूलाल पांडेय, अजय विश्वकर्मा, गोपाल नारायण सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल हुए थे। सभी लोगों का यहां पर जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा आय-व्यय पर भी चर्चा की गई।

## जलाशयों के रखरखाव व नहरों की मरम्मत में अनियमितता

### विधायक ने सरकार को घेरा

**कोरबा।** पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम ने क्षेत्र के जलाशयों के रखरखाव और नहरों की मरम्मत में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधानसभा के बजट सत्र 2026 में एक तारांकित प्रश्न के माध्यम से उन्होंने मुख्यमंत्री से पिछले 4 वर्षों के खर्च का पूरा हिसाब मांगा है।

विधायक मरकाम ने वर्ष 2022 से जनवरी 2026 तक नया सुधार और विशेष सुधार मद के तहत स्वीकृत राशि का ब्योरा मांगा है। विधायक ने जोर देकर कहा कि स्थानीय जलाशय और नहरें किसानों की आजीविका का मुख्य आधार हैं। समय पर मरम्मत न होने के कारण नहरें जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा है। इसका सीधा असर कृषि उत्पादन और किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल उपभोक्ता संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो। इस मुद्दे पर सियासत भी गरमा गई है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के जिला अध्यक्ष विद्यान मरकाम ने सरकार को दो टूक चेतावनी दी है।

## सीएसईबी की बाउंड्री वॉल का बड़ा हिस्सा किया जमींदोज, लाखों का नुकसान

### विद्युत कंपनी ने इस मामले को लेकर कलेक्टर से की शिकायत



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी को कोयला आपूर्ति के लिए बिछाए गए रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए बनाई बाउंड्री वॉल का बड़ा हिस्सा केवल अकड़ के चक्कर मे राजू प्रशासनिक सेवा के एक निगम अधिकारी ने ध्वस्त करा दिया। इस करतूत के कारण बिजली कंपनी को लाखों का नुकसान हुआ है। अधिकारी के रवैया की शिकायत डीएसपीएम प्रबंधन के द्वारा कलेक्टर से की गई है और उचित कार्रवाई करने की मांग की गई ।

केवल 3 महीने पहले ही विद्युत उत्पादन कंपनी के द्वारा बाउंड्री वालों का निर्माण अप्पू गार्डन के सामने से होकर प्लांट की साइड में कराया गया था। इसके करीब से विद्युत संयंत्र को कोयला आपूर्ति करने वाली माल गाड़ियां जाती हैं। रेलवे ट्रैक के नजदीक से बेजा कब्जा को हतोसाहित करने के लिए यह कोशिश की गई। क्योंकिं यह जमीन सीएसईबी के आधिपत्य की है। खबर के अनुसार 20 फरवरी को यह सब तमाशा हुआ। नगर निगम द्वारा प्लांट गेट के सामने बोर्ड को लगाया गया था। कंपनी प्रबंधन के निर्देश पर इसे हटा दिया गया। इससे डीएमसी ने मनमानी करते हुए ठेकेदार राठौर से कहकर बिजली पालन कंपनी की बाउंड्री वॉल का बड़ा हिस्सा तुड़वा दिया। बताया गया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह के प्लांट गेट के सामने बने तिकोना में सिविल विंग द्वारा फुलवारी पौधे लगाए गए हैं। 23 जनवरी की संध्या उद्यान अधीक्षक नगर निगम कोरबा द्वारा उक्त तिकोना में मोनूमेन्ट्स लगाने को कहा गया। मुख्य अभियंता उत्पादन कंपनी के समक्ष उपस्थित होकर अनुमति ली तथा मोनूमेन्ट्स लगाया गया। उक्त स्थान पर ही एक बोर्ड लगाया गया था जिस पर मुख्य अभियंता उत्पादन द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। एस ई सिविल को निर्देश दिये गये। इसके परिपालन में उक्त स्थान पर लगाये गये बोर्ड को हटा दिया गया। इसके बाद सुबह लगभग 11.30 बजे ठेकेदार राठौर ने उक्त स्थान पर पहुच एक्शन लिया। इससे पूर्व डीएमसी ने बिजली कम्पनी के अधिकारियों से बेमतलब बहस की। फिर अप्पू गॉडन के पास जाकर सी.एस.ई.बी. की भूमि पर निर्मित बाउंड्री वॉल जेसीबी के माध्यम से तोड़वा दी गई। बिजली कंपनी की ओर से बताया गया कि बाउंड्री वॉल तोड़वाने के पहले नगर निगम के द्वारा नोटिस नहीं दी गई। घटनाक्रम में बिजली उत्पादन कंपनी को लाखों का नुकसान हुआ है । सरकारी सेक्टर के अधिकारी की मनमानी के कारण जो घटनाक्रम हुआ है उसे सीएसईबी के अधिकारियों में काफी गुस्सा है। पूरे प्रकरण को लेकर कलेक्टर कोरबा से शिकायत की गई है और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है।

## यातायात जागरूकता के लिए कॉलेज विद्यार्थियों ने दिखाए सरोकार



**कोरबा।** स्थानीय पुलिस की प्रेरणा से शासकीय पीजी कॉलेज की विद्यार्थियों के द्वारा कोरबा के नए बस स्टैंड में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यहां पर वाहन चालकों को सुरक्षा और सतर्कता के बारे में अवगत कराया गया।

इंजीनियर विश्वेश्वरैया पीजी कॉलेज कोरबा के अलग-अलग संकाय के विद्यार्थियों के ग्रुप के द्वारा कोरबा में ट्रैफिक जागरूकता को लेकर काम किया जा रहा है। विद्यार्थियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नए बस स्टैंड में ऐसा ही एक अभियान चलाया। यहां पर बस मेटाडोर, ऑपरेटर से उन्होंने संवाद किया। ट्रांसपोर्ट के दौरान निर्धारित गति और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। बीते वर्ष कोरबा के हाईवे और दूसरे मार्गों पर हुए सड़क हादसों को लेकर ऑपरेटर की जानकारी दी गई। ट्रैफिक पुलिस की ओर से प्रिंट कराए गए पंपलेट ब्रोशर और अभी जरूरी चीज उपलब्ध कराई गई। एडिशनल एसपी लखन पटेल नीतिश ठाकुर और सीएसपी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में इस अभियान पर काम किया गया।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला-कोरबा की नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ संगठन ने जिले में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। घोषित सूची में सैदर खान को उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। इसे संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक संतुलन की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

प्रदेश नेतृत्व की सहमति से जारी इस कार्यकारिणी में प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय और अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष मखमुर इकबाल खान के मार्गदर्शन का उल्लेख किया गया है। जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी की अनुशंसा पर जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष उत्तम सिंह रंधावा ने 25 पदाधिकारियों की टीम घोषित की। नई टीम में गुरदयाल सिंह गंभीर, जुवेर खान, सुखविंदर कौर, सईयद फिरोज खान, इमरान खान और सैदर खान को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री पद पर चकेश जैन और सुरजीत सिंह (सन्नी) को दायित्व दिया गया है। हरवीर सिंह होरा को कोषाध्यक्ष तथा हर्ष जैन को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मंत्री, प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी और अन्य पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। नई कार्यकारिणी से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जन सुनवाई को निरस्त करने की मांग

**कोरबा।** कोरबा पावर लिमिटेड द्वारा सरगबुंदिया, खोड्डल, पताडी गांवों में 1320 मेगावाट के विद्युत संयंत्र के विस्तार तथा 1600 मेगावाट के नए विद्युत संयंत्र की स्थापना के लिए 27 फरवरी को पर्यावरण जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। नगर निगम के अध्यक्ष नूतन सिंह ठाकुर ने कोरबा शहर के आसपास किसी भी कंपनी के नए विद्युत संयंत्र की स्थापना का पुरजोर विरोध किया है। नए संयंत्रो की स्थापना पर आपत्ति जताते हुए ठाकुर ने कहा है कि पूर्व में लैको प्रोजेक्ट द्वारा जो वादे किए गए हैं उसके अनुरूप न तो वृक्षारोपण किया गया, न हीं राख का प्रबंधन किया गया और न हीं प्रभावित ग्रामों के बुनियादी ढांचा का विकास किया गया है इसलिए पुनः इसी प्रोजेक्ट स्थल पर विशाल संयंत्रो की स्थापना किया जाना न्याय संगत नहीं है।

## महिला मोर्चा आज करेगा पुतला दहन

**कोरबा।** दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेसियों के द्वारा किए गए प्रदर्शन के खिलाफ आज महिला मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार, वैशाली रत्नपारखी, प्रतिमा सोनवानी, मनोरमा शर्मा, मंजू सिंह सहित भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## बालकोनगर मंडल की होगी बैठक

**कोरबा।** कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण कार्य को लेकर आज बालकोनगर मंडल की बैठक आयोजित की गई है। बूथ स्तर तक प्रशिक्षित करने के लिए यह बैठक की जा रही है। बैठक में डिलेंद्र यादव, राजा शर्मा, जय राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। जबकि 11 मार्च को करतला मंडल की बैठक आयोजित की गई है।

## अदाणी फाउंडेशन ने 41 ग्रामों में 36000 से अधिक ग्रामीणों को मुहैया कराई निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं



**कोरबा।** अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सामाजिक इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित दो मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट्स रूाष्ट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। संयंत्र के परिधीय क्षेत्र के 23 ग्रामो और रेल लाइन क्षेत्र के 18 ग्रामो सहित 41 ग्रामो में पहुंचकर रूाष्ट टीम ने 36525 ग्रामीणों को निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई। ये मोबाइल यूनिट्स अदाणी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में हेल्पएज इंडिया द्वारा संचालित की जा रही है। प्रत्येक यूनिट में एक एमबीबीएस डॉक्टर, एक फार्मासिस्ट, एक ड्राइवर और एक सोशल प्रोटेक्शन अधिकारी शामिल है, जो निर्धारित रूट प्लान के अनुसार नियमित रूप से शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को उपचार एवं परामर्श प्रदान करते हैं।

वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 1137 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 36525 लोग लाभान्वित हुए। इनमें 14705 पुरुष 16471 महिलाएं तथा बड़ी संख्या में बुजुर्ग मरीज शामिल थे। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा के अभाव में एमएचसीयू इन समुदायों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा साबित हुई है। रूाष्ट टीम ने वर्ष भर विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण एवं सेवाएं प्रदान की। इनमें 16687 बीपी जांच 2412 शुगर टेस्ट तथा 397 हीमोग्लोबिन परीक्षण शामिल है। टीम ने 89 घरों में जाकर असमर्थ एवं बुजुर्ग मरीजों को उनके घर पर ही दवाइयां और उपचार उपलब्ध कराया। इसके अतिरिक्त 162 स्वास्थ्य जागरूकता सत्रों के माध्यम से 3361 ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श दिया गया।

अदाणी फाउंडेशन ने बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता दी। वर्ष भर में चार स्कूल हेल्थ कैंप आयोजित किए गए, जिनमें 316 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सलाह प्रदान की गई। इन शिविरों से विशेष रूप से एनीमिया त्वचा रोग और पोषण संबंधी समस्याओं की पहचान में सहायता मिली। मोबाइल हेल्थ केयर यूनिट का सर्वाधिक लाभ बुजुर्ग मरीज को मिला, जिन्हें नियमित बीपी और शुगर मॉनिटरिंग, जोड़ों के दर्द का उपचार तथा दवाइयां आसानी से उनके ग्राम में ही उपलब्ध हो सकी।

ग्राम छोटे भंडार के व्यवसायी ने बताया कि एंबुलेंस टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और दवाइयां मिलने से उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है तथा ग्राम में आयोजित जागरूकता सत्रों से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति समझ भी बढ़ी है। इसी प्रकार ग्राम गेजमुड़ा के प्रेम शंकर पटेल ने कहा कि पहले उन्हें बीपी और शुगर की जांच के लिए रायगढ़ के निजी अस्पताल जाना पड़ता था, जिसमें समय और पैसे दोनों खर्च होते थे लेकिन एमएचसीयू के आने से यह सुविधा अब ग्राम में ही निःशुल्क उपलब्ध हो रही है। अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाना उनकी प्राथमिकता है। और रूाष्ट टीम के सतत प्रयासों ने हजारों ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

फाउंडेशन ने आगे और अधिक ग्रामो को इन सेवाओं से जोड़ने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित यह रूाष्ट परियोजना आज ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार का एक प्रभावी और विश्वसनीय मॉडल बन चुकी है। इस पहल ने महिलाओं बच्चों वरिष्ठ नागरिकों और दूरस्थ बस्तियों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ्ढ किया है, जिससे ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य परिणामो में स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है।

## भाजपा ने किया संगठनात्मक मजबूती पर मंत्रणा



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के कोसाबाड़ी मंडल द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला के उपरांत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक ढोढ़ीपारा स्थित मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता कौशिक के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, बूथ संरचना और आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर गंभीर चर्चा की गई।

बैठक का उद्देश्य मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर संगठन को जमीनी स्तर तक और अधिक प्रभावी बनाना रहा। इस दौरान शक्तिकेंद्र प्रभारियों, संयोजकों एवं सह-संयोजकों की भूमिका को स्पष्ट करते हुए उन्हें जिम्मेदारियां सौंपने पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से नवीन स्ढ्क्र सर्वे के उपरांत बने अतिरिक्त बूथों में बूथ अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने इस बात पर बल दिया कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही पार्टी की वास्तविक ताकत है और प्रत्येक बूथ पर सक्रिय नेतृत्व सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों से अवगत कराना है। मंडल महामंत्री श्री मिलाप राम बरेठ एवं श्री पुनि राम साहू ने संगठन विस्तार को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में कोषाध्यक्ष अनिल वस्त्रकार, उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, श्रीमती सरिता कौशिक, श्रीमती मीरा सोनी, प्यारे लाल साहू, मंडल मंत्री गोपलाल राठिया, श्रीमती राजमोहनी भगत, तेरस दास दीवान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में यह संकल्प लिया गया कि मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला को भव्य, व्यवस्थित और परिणाममुखी बनाया जाएगा, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिल सके। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संगठन सुदृढ़ीकरण के लक्ष्य को पूर्ण करने का विश्वास व्यक्त किया।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com